वर्ष: 3 I अंक: 265

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

जयपुर, मंगलवार, 03 सितंबर, 2024 I भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-अमावस्या, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



**पैरालंपिक्स में भारत का बढ़ा गौरव:** अब तक 3 गोल्ड, 5 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज मेडल मिले

# नितेश ने बैडमिंटन और सुमित ने भाला फेंक में जीता सोना...

**बेधड़क** | पेरिस

पैरालंपिक्स में भारतीय पैरा शटलर नितेश ने बैडमिंटन और सुमित अंतिल ने जेवलिन थ्रो में गोल्ड जीता। नितेश का पैरा बैडमिंटन का गोल्ड मेडल मुकाबला रोमांच से भरा रहा। दोनों ही तरफ से गोल्ड मेडल हासिल करने का पूरा प्रयास किया गया। संघर्ष के बाद नितेश ने गोल्ड अपने नाम कर दिया। बैडमिंटन में भारत ने 4 मेडल जीते। नितेश के बाद सुहास यथिराज ने सिल्वर मेडल जीता। जबकि विमेंस इवेंट में थुलासिमथी मुरुगेसन ने सिल्वर और मनीषा रामदास ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। इनसे पहले डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया ने सिल्वर जीता, जबकि आर्चरी में राकेश कुमार और शीतल देवी की जोड़ी ने ब्रॉन्ज दिलाया। पांचवें दिन ही टोक्यो पैरालंपिक्स में जैवलिन थ्रो का गोल्ड जीतने वाले सुमित अंतिल ने पेरिस में भी गोल्ड मेडल ही जीता।

**भारत को अब तक 14 मेडल**

भारत अब तक 3 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज जीत चुका है। पांचवें दिन भारत ने मेडल्स में डबल फिगर हासिल कर लिया है। मंगलवार को भारत एथलेटिक्स में भी कुछ मेडल जीत सकता है। वहीं, बैडमिंटन के सिंगल्स में नित्याश्री सिवान इंडोनेशिया की रीना मर्लिना से ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलेंगी।



### योगेश ने डिस्कस थ्रो में दिखाया दम

5वें दिन ही भारत के योगेश ने मेंस डिस्कस थ्रो F-56 के फाइनल में अपने पहले थ्रो में 42.22 मीटर स्कोर किया। ये उनका सीजन बेस्ट-थ्रो रहा और इसी के साथ उन्होंने सिल्वर मेडल जीत लिया। F-56 कैटेगरी में प्लेयर डिसेबिलिटी की वजह से बैठकर फील्ड इवेंट में भाग लेता है।

### निषाद ने हाई जंप में सिल्वर और प्रीति ने 200 मी. दौड़ में जीता ब्रॉन्ज

इससे पूर्व चौथे दिन रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक बजे बाद भारत ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। मेंस की टी-47 कैटेगरी के हाई जंप इवेंट में भारत के निषाद कुमार ने 2.04 मीटर हाई जंप कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, 200 मीटर विमेंस की टी-35 कैटेगरी रेस में प्रीति ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने 30.01 मीटर के पर्सनल बेस्ट टाइम के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की जिया झोऊ को गोल्ड और किआन गुओ को सिल्वर मेडल मिला।

### मोदी की अवनि से बात, बोले, ऐसे ही खेलना जारी रखो

पीएम मोदी ने अवनि लेखरा से फोन पर कहा, "बहुत-बहुत बधाई अवनि। कैसा लग रहा है आपको।" अवनि बोलीं, "काफी अच्छा लग रहा है सर। दूसरी बार पैरालिंपिक्स में आई हूं, थोड़ी नर्वस थी, लेकिन आपने कहा था कि उम्मीदों का बोझ मत ले कर जाना, इसलिए वैसा ही खेली।" मोदी ने आगे कहा, "अवनि आप लगातार बहुत अच्छा कर रही हो। मेरी ओर से बहुत बधाई है, आप पूरी मेहनत करो और बेहतर करो।"

## जरूरी खबर

### CGST इंस्पेक्टर को 1.40 लाख घूस लेते दबोचा



**भिवाड़ी**। शहर में सोमवार को एसबीबी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.40 लाख घूस लेते हुए CGST इंस्पेक्टर और संविदाकर्मी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी अलवर में परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि उसकी फर्म के खिलाफ जीएसटी चोरी की कार्रवाई नहीं करने व उसे दिए गए नोटिस का निस्तारण करने के लिए सीजीएसटी इंस्पेक्टर देवेंद्र 1.50 लाख की रिश्वत मांग रहा है। एसीबी ने मामले का सत्यापन के बाद सोमवार घूस राशि के साथ आरोपी देवेंद्र सिंह और संविदाकर्मी भावसिंह को रंगे हाथ ट्रैप किया।

### मिग 29 विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित



**बाड़मेर**। यहां वायुसेना का मिग 29 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार तकनीकी खराबी के कारण फाइटर जेट दुर्घटनाग्रस्त हुआ और इसमें जोरदार धमाके के साथ प्लेन में आग लग गई। दुर्घटना ऐसे क्षेत्र में हुई जहां आबादी नहीं थी. बाड़मेर जिला कलेक्टर निशांत जैन, एसपी नरेंद्र सिंह मीणा सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। वायुसेना ने बयान जारी करते हुए कहा है कि हादसे में पायलट सुरक्षित बच गया है।

**CM ने रामेश्वरम् तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन को दिखाई हरी झंडी**

# तीर्थ स्थल हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक: सीएम

**राज्य सरकार धार्मिक एवं तीर्थ स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध**

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में तीर्थ यात्रा का बहुत महत्व है। हमारे तीर्थ स्थल सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है तथा हमारी संस्कृति में भी इनकी असाधारण महिमा बताई गई है। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों पर जाने से मन को शांति मिलती है तथा नई ऊर्जा एवं सकारात्मकता का संचार होता है।

शर्मा ने सोमवार को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत जयपुर से मदुरई व रामेश्वरम् के लिए इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में यह उत्कंठा एवं हार्दिक इच्छा रहती है कि वह अपने जीवन काल में महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की यात्रा कर आत्मिक सुख प्राप्त करे, मगर कुछ लोग आर्थिक अभाव और अन्य कारणों से तीर्थ यात्रा पर नहीं जा पाते।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह खुशी की बात है कि राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना का सर्वाधिक लाभ समाज के ऐसे तबके को मिल रहा है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुंदाचार्य, गोपाल शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, देवस्थान विभाग की शासन सचिव शैली किशनानी, उत्तर पश्चिम रेलवे के डीआरएम विकास पुरवार सहित वरिष्ठ तीर्थयात्री एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी हमारी संस्कृति के संरक्षक

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश पर आततायों का कई बार आक्रमण हुआ, जिन्होंने हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे सांस्कृतिक केन्द्रों को संरक्षित और विकसित किया है। वे हमारी संस्कृति के संरक्षक हैं। उनके कर कमलों से अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का सदियों पुराना भारत का सपना पूरा हुआ है। साथ ही, वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण जैसे अभूतपूर्व कार्यों से हमारी सांस्कृतिक विरासत मजबूत हुई है।

### 780 वरिष्ठ नागरिकों को रामेश्वरम् दर्शन का लाभ

जयपुर से मदुरई एवं रामेश्वरम् के लिए 7 दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हुई विशेष ट्रेन में जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर एवं कोटा जिले के लगभग 780 वरिष्ठजन यात्रा कर रहे हैं। इस तीर्थ यात्रा में यात्रियों की देखरेख के लिए हर कोच में 2 सरकारी कर्मचारियों की अनुदेशक के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही यात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए ट्रेन में एक डॉक्टर, 2 नर्सिंग अधिकारी तथा सुरक्षाकर्मी भी मौजूद हैं।

### सरकार इस साल 36 हजार को कराएगी तीर्थ यात्रा

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार आस्था धामों के विकास और वरिष्ठजनों को तीर्थ यात्रा करवाने जैसे कार्य कर रही है। इस वर्ष के प्रारंभ में लगभग 3 हजार तीर्थ यात्रियों को श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या की यात्रा करवाई जा चुकी है। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत इस साल 36 हजार तीर्थ यात्रियों में से 15 हजार तीर्थ यात्रियों को अयोध्या, 15 हजार तीर्थ यात्रियों को अन्य तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी, जिनमें रेल द्वारा रामेश्वरम्-मदुरई, जगन्नाथपुरी, तिरुपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णो देवी-अमृतसर, प्रयागराज-वाराणसी, मथुरा-वृंदावन -बरसाना, सम्मेद शिखर-पावापुरी-बैद्यनाथ, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर, गंगासागर, कामाख्या, हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, मथुरा-अयोध्या, बिहार शरीफ, वेलकानी चर्च (तमिलनाडु) की यात्रा शामिल है। साथ ही, 6 हजार तीर्थ यात्रियों को नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की विमान से तीर्थ यात्रा भी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इन तीर्थ यात्रियों के आवागमन, परिवहन, भोजन, आवास व्यवस्था इत्यादि समस्त व्यवस्थाएं राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

**एसआई पेपर लीक प्रकरण:** आरपीएससी के पूर्व सदस्य को किया कोर्ट में पेश

# राईका 7 दिन की रिमांड पर

- राईका ने वकील को किया थप्पड़ मारने का इशारा
- पेशी के दौरान वकीलों ने किया हंगामा



**बेधड़क** | जयपुर

सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने शनिवार तक रिमांड पर सौंप दिया है। वहीं, पेशी के दौरान राईका ने एक वकील को थप्पड़ मारने का इशारा किया। इसके बाद कोर्ट में वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा। सभी वकील हंगामा करने लगे। बता दें, शनिवार को राईका के पुत्र-पुत्री सहित अन्यों को गिरफ्तार कर पूछताछ में राईका का नाम सामने आने राईका को रविवार रात गिरफ्तार किया गया था। इससे पूर्व स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने राईका से 5 घंटे पूछताछ की थी।

दरअसल, रामू राम राईका को 4 जुलाई 2018 को तत्कालीन बीजेपी राज (वसुंधरा राजे सरकार) के दौरान आरपीएससी का मेंबर बनाया गया था। राईका 4 जुलाई 2022 तक मेंबर रहा।इससे पहले, एसओजी ने शनिवार को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) से 5 ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया था। इनमें रामू राम राईका के बेटा-बेटी भी शामिल हैं। एसओजी मुख्यालय में पूछताछ के बाद रविवार को इन्हें गिरफ्तार किया गया।

### 42 ट्रेनी SI हो चुके हैं गिरफ्तार और 20 राडार पर

सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक 42 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी।



### अब RPSC के पूर्व अध्यक्ष कटारा गिरफ्तार

एसआई भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में अब एसओजी ने आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार किया है। उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में वह पहले से जेल में था। उसकी एसआई भर्ती पेपर लीक में भूमिका सामने आई है। अब उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## बांध टूटा... कब्र से शव निकल गए

**जयपुर**। खो-नागोरियान स्थित नूर का बांध टूटने से सोमवार सुबह पानी कब्रिस्तान में चला गया। इससे 5 शव कब्र से बाहर निकल आए और पानी के साथ बहने लगे। पुलिस ने बताया कि तेज बारिश के चलते सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे वन विभाग के अंदर आने वाले नूर का बांध की दीवार टूट गई। दीवार टूटने से बांध का पानी कब्रिस्तान में आ गया। कब्रिस्तान में भरे पानी में लाशों को देखकर लोग उन्हें निकालने उतरे। लोगों ने रस्सी की मदद से लाशों को पानी से बाहर निकाला। स्थानीय निवासी इब्राहिम ने बताया कि झालाना की पहाड़ियों के पीछे बांध है, जिसकी भराव क्षमता करीब 25 फीट है।



बारिश के चलते पूरा भरा हुआ था। रविवार रात को तेज बारिश होने के कारण दीवार के ऊपर से पानी निकलने गया। थोड़ी ही देर में दीवार का एक हिस्सा टूट गया

**मुख्यमंत्री ने दी शहरों को सौगात**

# भीलवाड़ा और पाली अब नगर निगम, प्रदेश में नई सात नगर पालिकाएं

- प्रदेश की भजनलाल सरकार का जनहित में बड़ा फैसला
- पुष्कर, लालसोट, शाहपुरा नगर पालिका अब नगर परिषद में क्रमोन्नत
- प्रदेश में अब नगर निकाय बढ़कर हो गए 247, ग्राम पंचायतें प्रमोट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में 7 नई नगर पालिकाओं का गठन किया गया है। राज्य सरकार के निर्देश पर स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक सुरेश कुमार ओला ने सोमवार को सभी नई नगर पालिकाओं को लेकर अधिसूचना जारी की.। इसके साथ ही प्रदेश में अब 247 नगरीय निकाय हो गए हैं।

वहीं, दो नगर परिषद भीलवाड़ा और पाली को नगर निगम में क्रमोन्नत किया गया और पुष्कर, लालसोट, शाहपुरा नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत किया गया। जबकि 7 ग्राम पंचायतों को नगर पालिका घोषित किया गया है। वहीं अब नगर निकायों के बनने इन जगहों को पर विकास को गति मिल सकेगी। केद्र और राज्य सरकार से शहरीकरण के हिसाब से बजट मिल सकेगा।




### नए निकायों में सरपंच बन जाएंगे चेयरमैन

चेयरमैन-वाइस चेयरमैन और वार्ड पार्षद अधिसूचना के अनुसार अब जोधपुर की ग्राम पंचायत कुड़ी भगतासनी और तिंवरी, जयपुर की ग्राम पंचायत जमवारामगढ़, झुंझुनूं की ग्राम पंचायत डूंडलोद, सुलताना और जाखल के अलावा जालोर की ग्राम पंचायत सायला को चतुर्थ श्रेणी नगर पालिका घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत कुड़ी भगतासनी के सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए विद्यमान सीमाएं ही नवगठित नगर पालिका की स्थानीय सीमाएं रहेंगी। जबकि निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंच नवगठित नगर पालिका में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड सदस्य होंगे।

### इन मापदंडों से सृजित हुई नगर निकाय

दरअसल, स्थानीय निकाय निदेशालय ने राज्य में नगरपालिका के गठन के लिए साल 2021 में नए मापदंड तय किए थे, जिसमें जनसंख्या, प्रति व्यक्ति आय, आजीविका और दूसरे मानक शामिल किए गए थे। नगर पालिका के लिए क्षेत्र की जनसंख्या 10 हजार या अधिक होना, जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी या अधिक होना, राजस्व प्राप्ति के स्रोत/औसत प्रति व्यक्ति आय 10 रु. प्रति व्यक्ति से अधिक होना, कृषि में नियोजन 10 प्रतिशत या अधिक होना आदि मापदंड तय किए गए थे।

### स्वायत्त शासन विभाग ने जारी की अधिसूचना

स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार भीलवाड़ा नगर परिषद और पाली नगर परिषद को नगर निगम घोषित किया गया है। वहीं राज्य सरकार ने नगर पालिका पुष्कर, नगर पालिका लालसोट और नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर) को नगर परिषद घोषित किया है। साथ ही दौसा की महवा, चूरू की तारानगर, सीकर की लोसल और दौसा की बांदीकुई नगर पालिका को क्रमोन्नत किया गया है।

## जरूरी खबर

### रेवासा धाम पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को सीकर के रेवासा धाम पहुंचे, जहां उन्होंने रेवासा धाम के पीठाधीश्वर राघवाचार्य के निधन पर संवेदना व्यक्त की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने राघवाचार्य के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रेवासा धाम के वर्तमान पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य ने देवनानी को शॉल ओढ़ाकर अपना आशीर्वाद दिया। देवनानी को बताया कि रेवासा पीठ का प्राचीन इतिहास है तथा यह पीठ प्राचीन एवं सिद्ध पीठ है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि रेवासा धाम शक्तिपीठ के महाराज राघवाचार्य का आशीर्वाद उन्हें हमेशा मिलता रहा था। उन्होंने कहा कि महाराज ने इस क्षेत्र में सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य बड़े स्तर पर किया था।

### तिवाड़ी ने की पूर्व सीएम गहलोत से मुलाकात



**जयपुर।** प्रदेश से राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। तिवाड़ी ने सोमवार को गहलोत के सरकारी आवास पर पहुंचकर उनके कुशलक्षेम जानी।

### उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी पहुंचीं रैवासा धाम



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार को सीकर के रैवासा धाम पहुंची, जहां उन्होंने रैवासा धाम के अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी के निधन पर संवेदना व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राघवाचार्यजी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रैवासा धाम के वर्तमान पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य ने दिया कुमारी को शॉल ओढ़ाकर अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि रैवासा पीठ का प्राचीन इतिहास है तथा यह पीठ प्राचीन एवं सिद्ध पीठ है। अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज से हमारे परिवार का पुराना जुड़ाव था। इस दौरान दिया कुमारी ने कहा कि रैवासा धाम शक्तिपीठ के महाराज राघवाचार्य का आशीर्वाद उन्हें हमेशा मिलता रहा।

**टौबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 किया जाएगा प्रारंभ... कार्यशाला में बोले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बोले गजेंद्र सिंह...**

# ‘युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत’

बेधड़क | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने युवा पीढ़ी को तम्बाकू एवं अन्य नशों से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत बताते हुए कहा है कि इसके लिए आमजन को तम्बाकू जनित उत्पाद से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देकर गांव से लेकर बड़े शहरों तक लोगों को जागरूक करना होगा। खींवसर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम प्रकोष्ठ, राज तोफा एवं एसआरकेपीएस के संयुक्त तत्वावधान में यहां आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में तंबाकू नियंत्रण के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा हैं, लेकिन आमजन को तंबाकू जनित उत्पाद से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देने के लिए गांव से लेकर बड़े शहरों तक कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को तंबाकू सहित समस्त नशों से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि गांव स्तर तक जन जागरूकता में विशेष भूमिका निभा सकते हैं।




### दुष्प्रभावों का किया जाए प्रचार-प्रसार

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि समाज में तंबाकू के शारीरिक-मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तंबाकू रोकथाम के लिए निर्धारित कानूनी प्रावधानों की और अधिक सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने इसके लिए समाजसेवी संगठनों से आगे बढ़कर राजकीय गतिविधियों में सहयोग करने की अपील की। पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए तंबाकू उत्पादों का सेवन नशे की लत की प्रथम सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि नवपीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में आवश्यक जानकारियों से अवगत करवाने में जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण व सक्रिय सामाजिक लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। देवासी ने कहा कि तंबाकू मुक्त गांव, पंचायत, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के लिए कार्ययोजना बनाकर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

### गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने की जरूरत

पंचायती राज सचिव रवि जैन ने कहा कि ग्राम पंचायत व गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए पंचायती राज विभाग भी अपनी सहभागिता कर रहा है। इस दिशा में प्रदेश में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों से देश में नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। कार्यशाला में डॉ.जे.एस. राणा ने अपने प्रस्तुतिकरण में विस्तार से तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही एसएमएस के पूर्व अधीक्षक डॉ.वीरेंद्र सिंह, डॉ.राकेश गुप्ता, डॉ.रमेश गांधी, धर्मवीर कटेवा, नरेंद्र सिंह, प्रतिभा सिंह व ज्योति चौधरी सहित अनेक विषय विशेषज्ञों ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए विचार व्यक्त किए। एनटीसीपी के राज्य नोडल अधिकारी डॉ.एसएन धौलपुरिया ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चिकित्सा मंत्री के मार्गदर्शन में शीघ्र ही राज्य में टौबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 प्रारंभ किया जाएगा। इस कैंपेन के अंतर्गत ही अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग के द्वारा समस्त राजकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेज एवं डेन्टल कॉलेज में तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र प्रारंभ करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। अंत में एसआरकेपीएस के राजन चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**पीएम ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर अभियान का किया आगाज**

# राठौड़ और CM भजनलाल आज करेंगे भाजपा की सदस्यता ग्रहण

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान का आगाज सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदस्यता ग्रहण कर किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के प्रधान सेवक को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। सदस्यता अभियान शुभारंभ कार्यक्रम देशभर में सीधा प्रसारण किया गया।

देश के प्रत्येक भाजपा शासित राज्यों, जिला, मंडल और बूथ स्तर पर कार्यक्रम लाइव किया गया। इस दौरान जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ. अरुण चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मुख्यमंत्री निवास पर अभियान का सीधा प्रसारण देखा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शहर सांसद मंजू शर्मा, विधायक देवी सिंह शेखावत, भागचंद टाकड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, नारायण पंचारिया, मोतीलाल मीणा, प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, आईटी संयोजक अविनाश जोशी, सोशल मीडिया संयोजक हिरेन्द्र कौशिक, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभागों के संयोजक-सह संयोजक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्रीय स्तर अभियान का आगाज कर दिया। अब मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुबह 12:00 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसके बाद 4 सितंबर को प्रदेश के प्रत्येक जिले में भाजपा के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रेस वार्ता के माध्यम से अभियान को लॉन्च करेंगे। अभियान के प्रदेश सह संयोजक मोतीलाल मीणा ने बताया कि भाजपा प्रदेश में सवा करोड़ सदस्यों को पार्टी परिवार का सदस्य बनाएंगी। इसके लिए राजस्थान के 51 हजार 700 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता को 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मिस्ड कॉल, नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

**राज्य स्तरीय विद्वत सम्मान समारोह**

# संस्कृति को आत्मसात करने के लिए संस्कृत जरूरी: दिलावर




बेधड़क | जयपुर

संस्कृत दिवस अंतर्गत राज्य स्तरीय विद्वत सम्मान समारोह सोमवार को कोटा यूआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य एवं अकादमिक क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि थे। ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने अध्यक्षता की, जबकि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अपनी संस्कृति को आत्मसात करने के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कृत से संस्कारवान मनुष्य सही राह पर चलते हैं जबकि संस्कृत और संस्कृति विहीन पशुत्व की ओर जाते हैं। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी विद्यार्थियों को दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर संस्कृत के विस्तार और इसे जन भाषा बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा ही नहीं बल्कि संस्कृति की संवाहक है। इसके विस्तार की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का हमारा संकल्प और भारत की पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठापना संस्कृत के सानिध्य से ही संभव है। विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने संस्कृत और संस्कृति के संबंध को रेखांकित करते हुए संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन का आव्हान किया। राज्य स्तरीय विद्वत सम्मान समारोह में संस्कृत के संरक्षण-संवर्धन के लिए प्रतिभाएं-संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

### शोक सभा में पहुंचीं वसुंधरा राजे



*जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सोमवार को बहरोड में पूर्व मंत्री डॉक्टर रोहिताश शर्मा के बेटे के निधन पर शोक सभा में पहुंचीं, जहां उन्होंने मृतक के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। शोक सभा से पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का बहरोड के निजी होटल में वन मंत्री संजय शर्मा और विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने अगवानी की। इस दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता वसुंधरा राजे से मिलने पहुंचे।*

**भंडारे में हजारों साधु-संतों ने पाई प्रसादी**

# हरिद्वार में पार्थेश्वर चिंतामणि पूजा महोत्सव का समापन

बेधड़क | मेहंदीपुर बालाजी

हरिद्वार में चल रही पार्थेश्वर चिंतामणि महाप्रयोग पूजा महोत्सव का सोमवार को सोमवती अमावस्या पर समापन हुआ। परंपरा के अनुसार मेहंदीपुर बालाजी महंत डॉ.नरेशपुरी महाराज ने भंडारे का आयोजन किया।

पूजा के समापन पर भंडारे में पधारे हजारों साधु-संत महंत और महामंडलेश्वर को महंत ने अपने हाथों से भोजन प्रसादी कराई। इसके साथ ही माला पहनाकर उचित सादर सत्कार के साथ विधि पूर्वक वस्त्र, दक्षिणा भेट की। महाभंडारे में जरूरतमंद हजारों लोगों ने अंगत प्रसादी पाई। बता दें बालाजी महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज 25 दिन से हरिद्वार के गंगा घाट पर पार्थेश्वर महा पूजन कर रहे थे। इस पूजा का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और मानव कल्याण था। इसमें मिट्टी से बने प्रतिदिन 12 हजार 25 दिनों में 3,00000 पार्थेश्वर शिवलिंगों का निर्माण किया गया।

इसके बाद पूजा-अर्चना कर गंगा में विसर्जन किया गया। इसके साथ ही 108 श्रीमद्भागवत कथा, 108 श्री रामचरितमानस पाठ, 5,51000 महामृत्युंजय जाप, 5100 विष्णु सहस्रनाम पाठ किए गए। इस दौरान महंत द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को भंडारे की प्रसाद वितरण की गई।



**CID क्राइम ब्रांच के 103 पुलिसकर्मी सम्मानित**

# जोश और ऊर्जा के साथ करें अपने कर्तव्य का पालन: दिनेश एमएन

बेधड़क | जयपुर

सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर आयोजित अलंकरण समारोह में डीजीपी डिस्क, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सर्वोत्तम सेवा चिह्न एवं अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध, जयपुर दिनेश एमएन एवं महानिरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार द्वारा इस अवसर पर उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 33 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को डीजीपी डिस्क, 14 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 20 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, 14 पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 पुलिस कर्मियों को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीजी क्राइम एमएन ने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी आने वाले समय में और अधिक जोश व ऊर्जा के साथ अपने कार्य क्षेत्र में प्रदत कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करें।

### डीजीपी डिस्क से 33 पुलिस अधिकारी व कार्मिक सम्मानित हुए

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया, सतीश कुमार यादव, शालिनी राज, भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, ओमप्रकाश मीना, पुलिस निरीक्षक उमेश बेनीवाल, अन्तिम शर्मा, राम सिंह नाथावत, बृजभान सिंह (सेवानिवृत्त), उप निरीक्षक कदीर खान, सहायक उप निरीक्षक मुकेश राजावत व अमरचंद, हेड कांस्टेबल मोहम्मद यूनुस खान, बृजेश कुमार निगम, उस्मान अली, सुरेंद्र कुमार शर्मा व शंकर दयाल शर्मा, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, नेतराम सैनी, अशोक सिंह, अशोक कुमार वर्मा, रामचंद्र, गिरवर सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, सुभाष चन्द गोरेड़ा, सूरजमल, शंकर लाल, मनीष कुमार एवं अमन कुमार शामिल है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया व भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, रामचंद्र व गिरवर सिंह ने दूसरी बार डीजीपी डिस्क प्राप्त किया।



### 14 को मिले अति उत्कृष्ट सेवा पदक

पुलिस निरीक्षक राम सिंह, उप निरीक्षक महेश कुमार टांक, जसवंत सिंह, राजेश कुमार शर्मा व बाबूलाल, हैड कांस्टेबल हरि सिंह कर्णावत, बृजेश कुमार निगम व गोपाल लाल, कांस्टेबल सूरजमल, वासुदेव गोस्वामी, सीताराम सामरिया, गोपाल बहादुर रांका, गिरधारी लाल व जुगल किशोर शर्मा को अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### 20 को मिला उत्कृष्ट सेवा पदक

उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वालों में पुलिस निरीक्षक सुनील शर्मा व उम्मेद सिंह, उप निरीक्षक राम सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह व बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल राजकुमार, सुशीला यादव व कृष्णा नायक, कांस्टेबल राकेश कुमार, स्वामी शरण, श्याम लाल, अमित कुमार भरतपाल यादव सत्यवीर दिलीप सिंह सुमन कुमारी व बीज राज, कांस्टेबल चालक रतनलाल मीणा, रमेश चंद शर्मा व दिनेश चंद शर्मा शामिल थे।

### 14 को मिला सर्वोत्तम सेवा चिह्न

उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, हेड कांस्टेबल खेम सिंह गौड़, ओमप्रकाश बैरवा, संजय कुमार, जय सिंह मीणा, ओम प्रकाश, पवन कुमार शर्मा, किशोर सिंह, पृथ्वी पाल सिंह व कालूराम मीणा, कांस्टेबल राजकुमारी, कुतुबुद्दीन, सलीम खान व हरलाल को सर्वोत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित किया।

### 22 अति उत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित

हेड कांस्टेबल दौलत सिंह, दिवाकर प्रसाद, सूरज कुमार, रामेश्वर सिंह व आत्माराम, कांस्टेबल कैलाश चन्द, कुशल चन्द, दातार सिंह, मेघ चंद, सतवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, जतन लाल, राजेश कुमार, सांवरमल, कैलाश चंद्र, कमलेश कुमारज प्रमोद कुमार, विशंभर दयाल, अशोक कुमार व महेंद्र सिंह, कांस्टेबल चालक सज्जन सिंह और शिवपाल सिंह को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।




# ADMISSION OPEN 2024-25

## School of Pharmaceutical Sciences

B.Pharm | D.Pharm

## School of Allied Health Sciences

Paramedical Courses

DRT | DMLT
DOTT | DECGT
DOPT
BRT | BMLT
BOTT

Physiotherapy Courses

BPT | MPT

**More Information: +91 9289800300**

MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

**भाद्रपद की सोमवती अमावस्या के अवसर लक्खी मेला हुआ शुरू... 24 कोसी परिक्रमा का हुआ समापन**

## सोमवती अमावस्या: लोहार्गल में डुबकी लगाने पहुंचे लाखों भक्त

बेधड़क | उदयपुरवाटी

प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक लोहार्गल के सूर्यकुंड में सोमवार को भाद्रपद की सोमवती अमावस्या के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पुण्य अर्जित किया। साथ ही मालखेत बाबा की 24 कोसी परिक्रमा का समापन भी हुआ।



अरावली की वादियों में गोगा नवमी से शुरू हुई 24 कोसी परिक्रमा में लाखों श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी की पालकी के साथ पैदल चलकर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर स्नान करते हुए 24 कोस की परिक्रमा पूरी की। शनिवार और रविवार को परिक्रमा से लौटे श्रद्धालुओं ने गोल्याणा से लोहार्गल तक सैकड़ों धर्मशालाओं और विश्राम स्थलों पर डेरा डाला। सोमवती अमावस्या की सुबह जैसे ही शुरू हुई, सूर्यकुंड पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने सूर्यकुंड में स्नान किया। इस दौरान गोल्याणा से लोहार्गल तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही। खाक चौक से सूर्यकुंड तक रास्ते में भीड़ के कारण प्रशासन ने वन वे व्यवस्था लागू की थी। खाक चौक से सूर्यकुंड तक लगभग दो सौ मीटर के रास्ते में श्रद्धालुओं को एक घंटे से अधिक समय लग रहा था। स्नान के बाद महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग स्नान व्यवस्था की गई थी। पुलिस के जवान और महिला कांस्टेबल स्नान के बाद श्रद्धालुओं को ज्यादा समय तक टिकने की अनुमति नहीं दे रहे थे। कई महिलाओं ने स्नान के बाद कपड़े भी दूर जाकर बदले। सोमवती अमावस्या के स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्यदेव, वेंकटेश बालाजी और अन्य मंदिरों में देवी-देवताओं के दर्शन किए और मालखेत बाबा के दर्शन कर जयकारे लगाए।

### उमड़ा आस्था का ज्वार

इसके साथ ही अरावली पहाड़ों की दुर्गम घाटियों से होती सात दिन तक चली बाबा मालकेतू की 24 कोसी परिक्रमा का समापन भी हो गया। इस यात्रा में भी प्रदेश के कोने कोने से हर उम्र के लोगों ने शिकरत करते हुए पैदल यात्रा कर वापस लोहार्गल के कुंड में शाही स्नान करने के लिए पहुंचे। सोमवार सुबह तक लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के चलते ऐसा लग रहा था आस्था का ज्वार उमड़ आया हो।

### कदम-कदम पर लगे भंडारे एवं सेवा शिविर

सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विभिन्न संस्थानों की ओर से अपने खर्चे पर पदयात्रियों एवं शाही स्नान करने वालों के भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारों में खाना पीना और दवाइयों की निशुल्क व्यवस्था थी। गोल्याणा से लोहार्गल तक रामपुरा नदी, घूमचक्कर, बस स्टैंड, नवलगढ़ रोड, सीकर रोड सहित कई स्थानों पर 200 से अधिक भंडारे लगे थे।

### तीर्थराज पुष्कर में उमड़े श्रद्धालु



अजमेर। भाद्रपद में सोमवती अमावस्या 10 वर्ष बाद आई है। वर्ष में सोमवती अमावस्या 2 से 4 बार आती है। इस मौके पर तीर्थ स्थलों में स्नान, ध्यान, पूजा अर्चना खासकर पितरों के निमित्त श्राद्ध कर्म किया जाता है। सोमवती अमावस्या के दिन सूर्य और चंद्रमा एक ही राशि में होते हैं। सूर्य के प्रभाव से चंद्रमा का प्रभाव शून्य हो जाता है। माना जाता है कि मन को एकाग्रचित करने का यह सबसे उपयुक्त दिन है। पितरों के निमित्त श्राद्ध कर्म के लिए सोमवती अमावस्या को श्रेष्ठ बताया गया है। यही वजह है तीर्थराज पुष्कर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने तीर्थराज पुष्कर सरोवर में स्नान किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों के आचार्यत्व में पितरों के निमित्त तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान किए।

### जरूरी खबर

### रींगस की चैल्सी को जयपुर में मिला सम्मान



**सीकर**। जयपुर के पोद्दार इंस्टीट्यूट में रविवार को राज्यस्तरीय द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेशभर से धानका समाज की प्रतिभाएं और समाजबंधु शामिल हुए। इस समारोह में जिले के रींगस कस्बे के जनता सिनेमा कॉलोनी निवासी चैल्सी मौर्य पुत्री सत्यनारायण मौर्य को हॉकी में शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। सम्मान में चैल्सी को प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गई। सम्मान पर चैल्सी को लोगों ने बधाई दी है।

### दूल्हा नहीं रखेगा दाढ़ी, प्री-वेडिंग नहीं करेंगे शूट



**उदयपुर**। उदयपुर के मेनारिया समाज को शादी करने जा रहे कपल के लिए प्री-वैडिंग शूट के साथ शादी में दूल्हे का दाढ़ी में नजर आना मंजूर नहीं है। समाज की एक बैठक में इनके खिलाफ कुछ रोचक फैसले किए गए। मेनारिया ब्राह्मण समाज के प्रवक्ता कैलाश मेनारिया ने बताया कि बैठक में फैसला किया गया कि मेनारिया समाज के युवक शादी के दौरान क्लीन शेव रखेंगे। शादी में दाढ़ी रखना फैशन हो सकता है। समाज फैशन से नहीं, संस्कार से चलेगा। परंपरागत तौर पर दूल्हे या तो क्लीन शेव रहते हैं या फिर मूंछ रखते हैं। दाढ़ी रखने की प्रथा समाज में नहीं रही है। हिंदू संस्कृति में दूल्हा क्लीन शेव होकर शादी करने जाता है। दूल्हा शादी करने बैठे तो स्मार्ट बनकर बैठे और तमाम परम्पराएं निभाए।

**रिश्ते में नाना ने किया दुष्कर्म... 10 दिन में एक्शन**

## सूरतगढ़ में रेप के आरोपी के घर पर गरजा सरकार का बुलडोजर

बेधड़क | श्रीगंगानगर

प्रदेश में भी अब उत्तर प्रदेश की पुलिस की तर्ज पर संगीन अपराध के मामलों में बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है और उनकी संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है।

श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ में ऐसी ही एक घटना हुई है, जहां रिश्ते में नाना लगने वाले एक व्यक्ति ने 4 साल की एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा। इसके 10 दिन बाद पुलिस ने उसके घर पर बुलडोजर चलाकर उसका घर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के आदेश पर की गई।





मानवता को शर्मसार करने वाला यह मामला करीब दस दिन पहले आया था। एसपी गौरव यादव ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी के मकान पर बुलडोजर चला दिया क्योंकि वह सरकारी जमीन थी। आरोपी ने उस जगह पर कब्जा कर मकान बनाया था। एसपी गौरव यादव ने कहा कि नशा तस्करों के घरों पर पहले ही बुलडोजर चलाया जा रहा है, लेकिन अब दुष्कर्मियों को भी नहीं बख्शा जाएगा। एसपी ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से कार्य किया जा रहा है। सूरतगढ़ सिटी के थाना प्रभारी दलीप सिंह ने बताया कि बच्ची की मां ने मामला दर्ज करवाया। मां ने रिपोर्ट में बताया कि वह लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती है। घटना वाले दिन शाम के समय वह खाना बनाने निकली थी। वह अपनी बड़ी बेटी और छोटी बेटी को घर पर ही छोड़ गई थी। इसी दौरान आरोपी व्यक्ति मौका पाकर उसके घर पहुंच गया और बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

मां ने बताया कि वह जब घर पहुंची तो बच्ची रो रही थी और तब उसे घटना का पता चला। इसके बाद बच्ची के परिजन सूरतगढ में एक चिकित्सालय लेकर आए जहां बच्ची का इलाज किया गया। घटना की सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस भी मौके पर पंहुची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। मामले की जांच महिला अपराध सेल के सीओ रामकरण ने की और एमओबी और फोरेंसिक विभाग के लोगों को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। इस बीच दुष्कर्म मामले की जांच और न्यायिक कार्रवाई से पहले पुलिस ने एक और मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। मात्र दस दिनों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के मकान पर बुलडोजर चला दिया गया।

**बहन-बेटियों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदर्शन**

## अजमेर में छात्राओं ने लगाए 'वी वांट जस्टिस' के नारे

**अजमेर**। देश भर में बहन बेटियों की सुरक्षा और संरक्षा की मांग पर सोमवार को अजमेर में प्रदर्शन किया गया। सोफिया स्कूल की करीब ढाई हजार से अधिक छात्राओं, कई एनजीओ समेत महिला-पुरुषों ने रैली निकाल कर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। रैली में छात्राओं ने अपने हाथों में तख्तियां ले रखी थी। अनेक छात्राएं मुट्ठी बांध कर नारे लगा रही थी। छात्राओं ने कलेक्ट्रेट में नुक्कड़ नाटक के जरिए विरोध करते हुए कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।



महिलाओं और बालिकाओं ने ज्ञापन के जरिए देश में महिलाओं व बालिकाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के मामलों में जल्द कार्रवाई करने और सुरक्षा देने की मांग की है। सोफिया गर्ल्स कॉलेज के नेतृत्व में सोमवार को विभिन्न स्कूलों की छात्राओं व संगठनों ने कॉलेज परिसर से रैली की शुरुआत की। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची और विरोध जताया। इस दौरान छात्राओं ने वी वांट जस्टिस सहित महिलाओं को सुरक्षा देने के नारे लगाए। छात्रों के द्वारा बैनर और पोस्टर लेकर विरोध जताया।

सोफिया कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर सिस्टर पल ने बताया कि देश, राज्य और जिले में महिला अत्याचार, हिंसा अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जो अत्यंत चिंताजनक है। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक शोषण शामिल है। जो न केवल हमारे जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि हमारे समाज के मूल्यों को भी चुनौती देता है।

पिछले 25 सालों से महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और बलात्कार, प्रताड़ना, एसिड आक्रमण जैसे अपराधों में वृद्धि हुई है। इसके विरोध में यह रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शन कर राष्ट्रपति से महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों की जांच त्वरित कर दोषियों को सख्त सजा देने सहित विभिन्न मांगे रखी गई है।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए जताया विरोध

छात्रों ने विरोध जताते हुए कहा कि हम देश में सुरक्षित नहीं है, इस देश में हमारी भी सुरक्षा की जाए। दिन प्रतिदिन महिला अपराध बढ़ रहा है, लेकिन उसे उजागर नहीं किया जाता। हाल में कोलकाता में रेप की घटना को अंजाम दिया गया लेकिन आरोपी को अभी तक कोई सजा नहीं दी गई है। छात्रों ने कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर भारती दीक्षित और एसपी देवेंद्र बिश्नोई सहित अन्य अधिकारियों के सामने नुक्कड़ नाटक के जरिए विरोध जताया। नुक्कड़ नाटक के जरिए महिला अपराधों के बारे में जानकारी दी गई।

**मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

## पहाड़ों पर खनन से मंदिरों में दरार... विरोध में उतरे साधु-संत



बेधड़क | भरतपुर

भरतपुर और डीग जिले में लगातार खनन के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में बने मंदिरों में दरार आ गई हैं। साधु-संतों ने चेतावनी दी कि अगर सात दिन में लीज निरस्त नहीं की तो वे 40 गांव के लोगों के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। भरतपुर के भुसावर में पहाड़ को बचाने के लिए साधु-संत एकजुट हो गए हैं। साधु-संतों का कहना है कि अलीपुर में कालिया बाबा उर्फ काला पहाड़ एक धार्मिक पहाड़ है।

हर अमावस्या को श्रद्धालु इसकी परिक्रमा करते हैं। इसे पूजने की भी मान्यता है। इसके बावजूद यहां खनन के लिए लीज आवंटित की गई हैं। पहाड़ पर खनन होने से यहां बने मंदिरों में दरारें आ गई हैं। करीब दो साल पहले भरतपुर के ही कनकांचल और आदिबद्री को वन क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर साधु-संतों ने 551 दिन तक आंदोलन किया था। पसोपा गांव में संत बाबा विजय दास ने अवैध खनन के विरोध में खुद को आग लगाकर जान दे दी थी।

फटा पहाड़ आश्रम के चंद्रमा बाबा के नेतृत्व में सोमवार सुबह करीब 100 साधु-संत अलीपुर में काला पहाड़ पर इकट्ठे हुए। वे यहां से दोपहर 12:30 बजे एसडीएम ऑफिस पहुंचे। मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार गिर्राज प्रसाद मीणा को ज्ञापन सौंपा। साधु-संतों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर सात दिन में उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो साधु-संत और 40 गांव के लोग अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। नायब तहसीलदार गिर्राज प्रसाद मीणा ने कहा- स्थानीय लोगों और साधु-संतों ने सीएम के नाम एक ज्ञापन दिया है। इसमें काला पहाड़ से लीज हटाने की मांग की गई है। यह ज्ञापन उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## वंदे भारत ट्रेन को सांसद एमएलए ने दिखाई झंडी

**उदयपुर**। झीलों की नगरी उदयपुर से लेकर आगरा कैंट तक सफर करने वाले यात्रियों को एक बड़ी सौगात सोमवार को मिली। वंदे भारत ट्रेन सोमवार सुबह 5:45 पर उदयपुर स्टेशन से रवाना हुई। उदयपुर सिटी स्टेशन पर उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत और उदयपुर विधायक (ग्रामीण) फूल सिंह मीणा की उपस्थिति में गाड़ी संख्या 20981 उदयपुर-आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर करवाना किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक



उदयपुर महेंद्र देपल तथा चीफ डिपो ऑफिसर लव धाकड़ सहित अन्य रेल अधिकारी कर्मचारी व आमजन उपस्थित थे। आगरा और उदयपुर की दूरी 8 घंटा 45 मिनट में पूरी करके वंदे भारत ट्रेन 2:30 बजे दोपहर को आगरा कैंट स्टेशन पर आएगी।

**घूस लेते हुए कांस्टेबल और पटवारी अरेस्ट**

## अजमेर और झालावाड़ में एसीबी का एक्शन... दो घूसखोरों को धरदबोचा

बेधड़क | अजमेर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अजमेर यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आदर्श नगर थाने के एक हेड कांस्टेबल को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी हेड कांस्टेबल ने यह रिश्वत की राशि परिवादी के खिलाफ एक मामले में समझौता कराने की एवज में ली थी। एसीबी आदर्शनगर थाने में आरोपी हेड कांस्टेबल से पूछताछ कर रही है।



एसीबी के एडिशनल एसपी भागचंद ने बताया कि परिवादी के खिलाफ थाने में पेश हुए परिवाद में कार्रवाई नहीं करने और राजीनामा करवाने की एवज में आदर्श नगर थाने के हेड कांस्टेबल सुरेश चंद के 10 हजार रुपए की रिश्वत की ब्यूरो को शिकायत मिली थी। परिवादी की शिकायत पर सत्यापन करवाया गया, जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई।

हेड कांस्टेबल सुरेश चंद ने परिवादी से 10 हजार रुपए की डिमांड की और सोमवार को रकम देने के लिए कहा था। परिवादी आरोपी ने हेड कांस्टेबल सुरेश चंद को रिश्वत की रकम दी। इस दौरान एसीबी ने हेड कांस्टेबल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### खंगाले जाएंगे बैंक अकाउंट को भी

एडिशनल एसपी भागचंद ने बताया कि परिवादी का सीमेंट का गोदाम है। गोदाम पर काम करने वाले एक कार्मिक से परिवादी का पैसे के लेन देन का विवाद था, जिसको लेकर कार्मिक ने गोदाम मालिक के खिलाफ आदर्श नगर थाने में परिवाद दिया था। हेड कांस्टेबल सुरेश चंद ने दोनों पक्षों के बीच राजीनामा करवाने की एवज में पैसे की डिमांड की थी। आरोपी के घर की तलाशी ली गई, वहीं परिवाद संबंधी कागजों को भी एसीबी ने जब्त कर लिया। आरोपी हेड कांस्टेबल के बैंक अकाउंट को भी खंगाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि आरोपी हेड कांस्टेबल सुरेश चंद को एसीबी कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### 15000 रुपए की रिश्वत लेते पटवारी पकड़ा



**झालावाड़**। भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की लगातार कार्रवाई जारी है। सोमवार को कोटा एसीबी की टीम ने झालावाड़ में 15000 की रिश्वत लेते पटवारी को गिरफ्तार किया है। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर टीम ने झालावाड़ के रायपुर में तैनात पटवारी प्रहलाद कुमार गोस्वामी रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की कोटा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि हकत्याग और नामांतरकरण करने की एवज में झालावाड़ के रायपुर में तैनात पटवारी प्रहलाद कुमार गोस्वामी 20 हजार रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा है। इस पर एसीबी कोटा के उप महानिरीक्षक पुलिस कल्याणमल मीणा के सुपरविजन में कोटा एसीबी की टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया। इसके बाद सोमवार को एसीबी की टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए पटवारी प्रहलाद कुमार गोस्वामी को 15 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ और आगे की कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी।

### BCMO और CHO रिश्वत रंगे हाथ गिरफ्तार

**दौसा**। जिला मुख्यालय पर एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग के दो रिश्वतखोर अधिकारियों को गिरफ्तार कर किया है। जिले के नांगल राजावतान तहसील क्षेत्र में पदस्थ एक महिला सीएचओ ने 31 अगस्त को अपने विभाग के अधिकारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एसीबी के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दी थी। इस दौरान पीड़िता सीएचओ ने बताया कि उसका अप्रैल 2023 से अगस्त 2024 तक का इंसेंटिव का पेमेंट बकाया चल रहा था, जिसके लिए पीड़िता बीसीएमओ रामजीलाल मीना से मिली। इस दौरान बीसीएमओ ने पीड़िता सीएचओ से प्रतिमाह के हिसाब से एक हजार रुपए और 13 महीने के 12 हजार रुपए रिश्वत देने की मांग की।

## जरूरी खबर

### गणेश चतुर्थी को लेकर देखी सफाई व्यवस्था



**जयपुर।** गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने सोमवार को सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने परकोटे के बाजारों ब्रह्मपुरी, गणगौरी बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता इलाके में निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क पर घूम रहे निराश्रित गो वंश को गोशाला पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था देखी और रोड पेचवर्क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था में कार्यरत स्वच्छता प्रहरियों से भी किया संवाद।

### 30 kg पॉलीथिन जब्त, 25 हजार रुपए का चालान

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 30 किलो पॉलीथिन जब्त कर 25500 रुपए का चालान किया है। इस सबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर शाखा लगातार कार्रवाई कर रही है। शाखा ने 25500 रुपए का चालान किया, साथ ही 30 किलो पॉलिथीन भी जब्त की है। उपायुक्त स्वास्थ्य ने बताया कि चालान प्रकोष्ठ ने आगरा रोड और रामगंज पर कार्रवाई कर 12700 रुपए वसूले हैं। वहीं, निगम की मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक ने चारो जोन में गंदगी फैलाने पर कार्रवाई कर 12800 रुपए का चालान किया है। उपायुक्त नरूका ने बताया कि प्लास्टिक प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ली विकास कार्यों की रिव्यू बैठक,** अधिकारियों ने दी जानकारी

# अगले महीने से शुरू हो जाएगा सैटेलाइट अस्पताल का निर्माण

## झोटवाड़ा पंचायत समिति भवन की भूमि पर बनेगा 100 बेड का हॉस्पिटल

बेधड़क | जयपुर

विद्याधर नगर विद्यानसभा क्षेत्र में बनने वाले सैटेलाइट हॉस्पिटल का निर्माण अगले महीने से शुरू होगा। इसकी डीपीआर का काम जल्द पूरा होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यो की समीक्षा को लेकर सोमवार को सचिवालय में बैठक की। इस दौरान उन्होंने विद्याधर नगर में डॉक्टर एवं अन्य खाली पदों को भरने, पीएचसी मुरलीपुरा को सीएचसी में क्रमोन्नत करने आदि सहित अन्य कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, बैठक में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष प्लान तैयार करने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने व जनता को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बताया कि नए बनने वाले 100 बेड के सैटेलाइट हॉस्पिटल की डीपीआर का काम अगले एक महीने तक पूरा हो जाएगा और इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया-हॉस्पिटल का निर्माण जून 2026 तक पूरा करवा दिया जाएगा। ये सैटेलाइट हॉस्पिटल झोटवाडा पंचायत समिति भवन की भूमि के स्थान पर बनाया जाएगा। पंचायत समिति भवन के लिए भूमि आवंटित कर भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि भी पंचायतीराज विभाग को आवंटित की जा चुकी है।



### तत्काल राशि स्वीकृत करने के निर्देश

एसएमएस हॉस्पिटल परिसर में बन रहे आईपीडी टॉवर में अतिरिक्त सिविल कार्यों और अन्य कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग के अधिकारियों को तत्काल राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 100 करोड़ और आईपीडी टॉवर में पार्किंग और अन्य अतिरिक्त सिविल कार्यों के लिए 37 करोड़ रुपए की राशि तत्काल स्वीकृत कर दी जाएगी।

### कांवटिया को अपग्रेड करवाने के निर्देश

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने हरमाड़ा, नींदड़ पीएससी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरण नदी द्वितीय को सीएचसी में क्रमोन्नत किए जाने की कार्यवाही तत्काल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कांवटिया अस्पताल को अपग्रेड करवाने के भी निर्देश दिए।

**औचक निरीक्षण:** HC में बिना फूड लाइसेंस के चलती पाई गई सभी कैंटीन

# सब्जियां सड़ी हुई थी, एक्सपायरी मसाले और आटे में मिली इल्लियां

## रसोई घर में भारी मात्रा में गंदगी, फ्रिज में खतरनाक ब्लैक फंगस

बेधड़क | जयपुर

किसी भी कैंटीन के पास फूड लाइसेंस नहीं था। सब्जियां सड़ी हुई थीं, एक्सपायरी डेट के मसाले के पैकेट थे। आटे और बेसन में तो इल्लिया चल रही थीं। ये हालात मिले हाइकोर्ट परिसर में संचालित कैंटीन्स में जब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम वहां पर अचानक निरीक्षण के लिए पहुंची।

दरअसल सोमवार को खाद्य आयुक्त इकबाल खान एवं अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल हाई कोर्ट परिसर में स्थित सभी कैंटीनों का निरीक्षण करने पहुंचा था। मेसर्स गिरधर गोपाल एंटरप्राइजेज ई ब्लॉक में स्थित रसोई घर में भारी मात्रा में गंदगी पाई गई। सभी के फ्रिज में खतरनाक ब्लैक फंगस लगी हुई पाई गई तथा मसाले के पैकेट एक्सपायरी पाए गए। इसके अतिरिक्त जंग लगे हुए डिब्बे भी पाए गए, जिनमें मसाला अन्य सामग्री रखी हुई थी। मसालादानी भयंकर गंदी और जंग लगी मिली। जंग लगे पीपे तथा हाइजीन और सेनिटेशन की स्थिति बहुत ही दयनीय पाई गई। इसके अतिरिक्त सरकारी कर्मचारी कैंटीन पर भी फूड लाइसेंस नहीं पाया गया। यहां पर भी जंग लगे हुए डिब्बे पाए गए, जिनमे रखे हुए बेसन एवं आटे पर इल्लियां चल रही थीं। फूड कलर के डब्बे पाए गए जो की चटनी वगैरह में डाले जाते हैं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया।









### राजस्थान बार काउंसिल अध्यक्ष ने की थी शिकायत

राजस्थान बार काउंसिल के अध्यक्ष भुवनेश शर्मा के लिखित आग्रह पर राजस्थान हाई कोर्ट में यह कार्रवाई की गई। हाई कोर्ट परिसर में सभी दुकानदारों और फूड ऑपरेटर्स को लाइसेंस बनने तक सभी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई। जब तक कि स्तिथि न सुधरे और वे फूड लाइसेंस नही ले लेवे। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, नरेंद्र शर्मा, पवन गुप्ता, नरेश कुमार चेजारा शामिल रहे। मुख्य रूप से दो कैंटीन से जांच के लिए कड़ाही का तेल, सांभर, लस्सी, चने की दाल, चटनी, बेसन और रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने जांच को लिए गए। जांच रिपोर्ट आने के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### कोरोना काल की पुरानी एक्सपायरी नमकीन मिली

शर्मा रेस्टोरेंट दुकान नंबर 15 तथा विनोद प्रजापत दुकान नंबर 12 और खान टी स्टाल दुकान नंबर 9, सरस डेयरी बूथ नंबर 181, राहुल साहू दुकान नंबर 21, अनिल शर्मा दुकान नंबर 19, नेस्कैफे कॉफी शॉप दुकान नंबर 17, राजेश और बबलू दुकान नंबर 8 का निरीक्षण किया गया किसी के पास भी फूड लाइसेंस नहीं पाया गया। गोल्ड कैंटीन के मालिक मनोज दुआ द्वारा केंटीन की काली दीवारों पर राष्ट्रीय ध्वज, लगाकर उसको धुंए स्व काला किया हुआ था। सड़े आलू प्याज, कृत्रिम रंग, सड़े हुए खाद्य पदार्थ, गंदे पात्र, काली फर्श और दीवारे, गंदे स्टोव, एक ओल्ड साहू की दुकान पर कोरोना काल की पुरानी नमकीन मिली, एक्सपायरी चॉक्लेट सिरप, गोभी, सड़ी हरी मिर्च,गंदे पात्रों में बनती चाय मिली। 10 से 12 घरेलू गैस के सिलेंडर मौके से केंटीन और दुकानों से जयपुर जिला कलेक्टर को कह कर डीएसओ से जब्त करवाए गए। चटनियों में हरी में हरा रंग, लाल चटनी में लाल हानिकारक रंग मिलाया जा रहा था। मौके पर उपस्थित अधिवक्ता गण को भी सब हाल दिखाया गया तो सभी भौंचक रह गए।

**लोगों ने किया मुहाना थाना का घेराव**

# छात्रा को सुसाइड के लिए मजबूर करने वाले को जल्दी पकड़ें



बेधड़क | जयपुर

छात्रा को सुसाइड के लिए मजबूर करने वाले युवक को जल्दी पकड़ने की मांग को लेकर सोमवार शाम को लोगों ने मुहाना थाने का घेराव किया। पुलिस ने लोगों से समझाइस कर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामले को शांत किया। पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी 12वीं क्लास की छात्रा ने सुसाइड कर लिया था। मृतक छात्रा के पिता की शिकायत पर आरोपी विष्णु शर्मा (30) के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। छात्रा के सुसाइड मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन, पड़ोसी सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग मुहाना थाने में इकट्ठा हुए। शाम करीब 4:30 बजे मुहाना थाने पर इकट्ठा हुए लोगों ने जल्द कार्रवाई की मांग रखी। करीब दो घंटे चली वार्ता के बाद पुलिस आलाधिकारियों ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा ने बताया कि सुसाइड मामले में कई लोग मिलने के लिए आ रहे हैं। मुहाना थाने पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने आरोपी युवक पर जल्द कार्रवाई की मांग की है। युवती के सुसाइड मामले में मिलने आए लोगों की बातों को सुनाकर उसे उचित कार्रवाई करने लिए संतुष्ट किया गया है।

## नए पैनल से लोक अभियोजकों की नियुक्ति पर रोक लगाई

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान हाईकोर्ट ने विधि विभाग की ओर से जिला कलेक्टरों को वकीलों का अतिरिक्त पैनल तैयार करने के लिए भेजे पत्र के आधार पर बनाए नए पैनल से लोक अभियोजकों की नियुक्ति पर सोमवार को रोक लगा दी। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार, विधि विभाग और अजमेर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। जस्टिस अनिल उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश विवेक पाराशर की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। हालांकि, अदालत ने राज्य सरकार को छूट दी है कि वह चाहे तो पूर्व के पैनल से लोक अभियोजकों की नियुक्ति कर सकती है। याचिका में कहा गया कि विधि विभाग ने गत 31 जनवरी को सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि वह संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश से परामर्श कर निचली अदालतों में लोक अभियोजकों की नियुक्ति के लिए वकीलों की पैनल लिस्ट तैयार उपलब्ध कराए। याचिका में कहा गया कि अतिरिक्त पैनल बनाने के पीछे मनचाहे वकीलों को लोक अभियोजक पद पर नियुक्ति देना है। ऐसे में नई पैनल लिस्ट से लोक अभियोजक पद पर नियुक्तियों को रोका जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने नई पैनल लिस्ट से नियुक्तियां देने पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

**नाहरगढ़ के चरण मंदिर घूमने गए थे दोनों**

# बड़े भाई का तो शव मिल गया, छोटे वाले का अभी कोई अता-पता नहीं

बेधड़क | जयपुर

शास्त्रीनगर इलाके से नाहरगढ़ के चरण मंदिर घूमने जाने की कहकर निकले दो भाइयों में से बड़े राहुल पाराशर का शव सोमवार को पहाड़ियों पर मिला है। छोटा भाई आशीष अभी लापता है। दोनों रविवार सुबह से लापता थे। वे सुबह 6 बजे घर से नाहरगढ़ घूमने निकले थे। दोनों के फोन बंद आ रहे थे। देर शाम तक जब परिजनों का उनसे संपर्क नहीं हो सका तो वे शास्त्रीनगर थाने पहुंच गए। आरोप है कि पुलिस ने मदद नहीं की और अपने स्तर पर ढूंढने को कहा। रविवार रात परिजन थाने के बाहर जुट गए और हंगामा किया। इसके बाद शास्त्री नगर थाना पुलिस एक्टिव हुई। रात 11 बजे सिविल डिफेंस को जानकारी दी गई। सिविल डिफेंस की टीम ने सोमवार सुबह 5 बजे तक पहाड़ी एरिया में चरण मंदिर, हथनी कुंड, नाहरगढ़ टांका, चांदमारी की पहाड़ी और जंगल के इलाकों में सर्च किया, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार सुबह दोबारा टीमों को सर्च के लिए रवाना हुईं। इस दौरान नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर राहुल की बॉडी टीम को मिल गई। आशीष का सुराग अभी नहीं लगा है।







### परिजनों ने कर रखा है रास्ता जाम

दो भाइयों में से एक का शव मिलने और दूसरे के अभी तक लापता होने के मामले में लोगों ने सोमवार दोपहर पानी की टंकी चौराहे पर स्थित शास्त्रीनगर थाने का घेराव किया। लोगों ने पानी की टंकी से दूध मंडी जाने वाला रास्ता जाम कर रखा है। परिजन पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं। उधर, नाहरगढ़ की पहाड़ी पर मृत मिले राहुल पाराशर के शव की मौके पर एफएसएल टीम ने जांच की। इसके बाद शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट कर दिया गया।

### रविवार सुबह 6 बजे पैदल ही निकले थे



एडिशनल डीसीपी नोर्थ बजरंग सिंह ने बताया कि दोनों लड़के रविवार सुबह शास्त्रीनगर से नाहरगढ़ की पहाड़ियों में स्थित चरण मंदिर जाने के लिए रविवार सुबह 6 बजे पैदल ही निकले थे। आखिरी बार परिवार से उनकी बात 11:15 बजे हुई, यह लोकेशन चांदमारी पहाड़ी नाहरगढ़ आ रही थी। पुलिस पर लापरवाही के आरोप पर डीसीपी बोले-परिजन शास्त्रीनगर थाने पर आए थे। पुलिस को लगा कि दोनों लड़के बालिग हैं, वापस घर आ जाएंगे, इसलिए मैटर को गंभीरता से नहीं लिया। रात 9 बजे परिवार के लोग स्थानीय लोगों के साथ शास्त्रीनगर थाने पहुंच गए। बजरंग सिंह ने बताया कि सिविल डिफेंस की टीम के साथ शास्त्री नगर थाना इंचार्ज दलवीर सिंह और ब्रह्मपुरी थाना इंचार्ज मनीष ने जाप्ते के साथ पूरे इलाके में सुबह 5:30 बजे तक सर्च अभियान चलाया है। इसके आधे घंटे बाद सुबह 6 बजे सिविल डिफेंस की दूसरी टीम को रवाना किया। दूसरे युवक आशीष की तलाश जारी है।

### पिता से कहा- हम रास्ता भटक गए

परबतिया कॉलोनी निवासी राहुल पाराशर और उसका छोटा भाई आशीष पिता के फोन पर छोटे बेटे आशीष ने कॉल कर बताया कि चरण मंदिर से लौटते वक्त वे रास्ता भटक गए हैं। दोपहर 1 बजे तक उनके फोन पर रिंग जाती रही, लेकिन फोन उठाया नहीं गया। इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। तब परिजन शास्त्री नगर थाने पहुंचे।

# वक्त की जरूरत है न्यूनतम जीवन शैली



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

सामाजिक कार्यकर्ता पद्म विभूषण सुधा मूर्ति सादा जीवन जीने में विश्वास रखती हैं। करोड़ों रुपए की मालकिन होने के बावजूद वह खुद पर कम से कम खर्च करती हैं। सुधा ने हाल ही में एक साड़ी खरीदी है। उनका कहना है कि उन्होंने 30 साल बाद कोई साड़ी खरीदी है। उनका मानना है कि कम से कम चीजों में भी जिंदगी को आसानी और आराम से जी सकते हैं। असल में इस तरह की जीवन शैली मिनिमलिज्म यानी कि अतिसूक्ष्मवाद कहलाती है। दुनिया में बहुत कम लोग इस तरह की जीवन शैली जीते हैं। सुधा भी उनमें से एक हैं। सुधा के 30 साल में साड़ी खरीदने के उदाहरण के बाद मिनिमलिज्म पर बहस छिड़ गई है। कुछ लोग इसे बेहद काम का मानते हैं, तो कुछ लोग आज भी ज्यादा चीजों के साथ जीवन जीने में ही भरोसा करते हैं। लोगों के इस संबंध में अपने अलग-अलग तर्क भी हैं।

मिनिमलिज्म अथवा न्यूनतम बाद यानी कि न्यूनतम जीवन शैली। मतलब कम से कम चीजों या सामानों के साथ जीवन जीना। मिनिमलिज्म का मतलब है जान-बूझकर सिर्फ उन चीजों के साथ रहना, जिनकी आपको वाकई जरूरत है। ऐसी चीजें, जो आपके रोजमर्रा के उद्देश्य को पूरा करती हैं। ऐसा करने से आप जरूरत से ज्यादा चीजों की वजह से होने वाले व्यवधान को दूर कर सकते हैं, ताकि आप उन चीजों पर ज्यादा ध्यान दे सकें, जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। यदि आप अपने जीवन में अव्यवस्था और तनाव को बहुत हद तक कम करना चाहते हैं, तो आपको न्यूनतम जीवन शैली अपनाने पर विचार करना चाहिए। इसके लिए जीवन शैली और मानसिकता में कुछ बड़े बदलाव करने की आवश्यकता होती है। यदि आप इसके लिए प्रतिबद्ध हैं, तो कुछ समय बाद ही आपको इसके कई लाभ मिलेंगे। न्यूनतम जीवन शैली का मतलब है कि जानबूझकर कम सामान के साथ रहना और केवल जरूरी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना। अगर आप अव्यवस्था से परेशान हैं, कम विकर्षणों की तलाश कर रहे हैं या खर्च में कटौती करना चाहते हैं, तो कम सामान के साथ रहना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। कम से कम जीवन जीना ज्यादा आसान लगता है और इसके लिए कोई समय सीमा भी नहीं होती। न्यूनतम जीवन शैली अपनाने के लिए आप अपने घर में कम इस्तेमाल होने वाले सामानों को पहचान सकते हैं और उन्हें हटा सकते हैं। यह आपके घर से अव्यवस्था को हटाने का एक आसान तरीका है। दूसरे शब्दों में, न्यूनतम जीवन एक जीवन-परिवर्तनकारी और जीवन देने वाला अहसास होगा।

> *“न्यूनतम जीवन शैली जीने के लाभ हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग हो सकते हैं। कई लोगों को लगता है कि इससे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से जगह बनाने में मदद मिलती है। कुछ लोगों को अत्यधिक अव्यवस्था से चिंता हो सकती है, इसलिए न्यूनतम जीवन शैली अपनाने से कुछ हद तक इससे राहत मिल सकती है।”*

दुर्भाग्य से कुछ लोगों के लिए अतिसूक्ष्मवाद का विचार बहुत ही विपरीत है। यह जीवन के प्रति एक दृष्टिकोण है, जिससे उन्हें कभी परिचित नहीं कराया गया या उन्हें कभी भी इसका पता लगाने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया। न्यूनतम जीवन शैली में मुख्य बात है इरादा। जो लोग न्यूनतम जीवन शैली का पालन करते हैं, वे केवल उन्हीं वस्तुओं को रखते हैं, जो उनके जीवन में उद्देश्य की पूर्ति करती हैं और उन चीजों को हटा देते हैं, जो उनके कपड़ों, सजावट, शौक और उपकरणों से ध्यान भटकाती हैं, जिन्हें वे वास्तव में महत्व देते हैं। न्यूनतमवाद हर व्यक्ति में अलग-अलग दिखता है, इसलिए यह वास्तव में आप पर निर्भर करेगा कि आप क्या रखते हैं और क्या हटाते हैं। यह उन चीजों पर निर्भर करता है, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हैं।

बहुत से लोग तनाव कम करने के लिए न्यूनतम वाद को आजमाने का फैसला करते हैं। अगर आप खुद को एक व्यस्त शेड्यूल, अव्यवस्थित अलमारी या व्यस्त दिमाग के साथ पाते हैं, तो आप कम से कम जीवन जीने की कोशिश कर सकते हैं। कम प्रतिबद्धताएं, कम सामान और कम विकर्षण। न्यूनतम जीवन शैली जीने का अर्थ है अपने मूल्यों पर चिंतन करना और फिर उन चीजों को त्याग देना, जो अब आपके काम की नहीं हैं। शुरुआत करने के लिए एक अच्छी जगह आपके भौतिक स्थान को व्यवस्थित करना हो सकता है। आप एक ऐसी वस्तु से छुटकारा पाने से शुरुआत कर सकते हैं, जैसे कि सजावट का कोई सामान, जो आपको नहीं चाहिए या जिसकी आपको जरूरत नहीं है। वहां से एक ऐसी अव्यवस्था हटाने की तकनीक चुनें, जो आपके लिए कारगर हो।

न्यूनतम वाद को शुरू करने के उदाहरण के लिए आप अपनी अलमारियों में रखी छोटी-छोटी चीजों या स्टोरेज में रखे सजावट के सामानों से शुरुआत कर सकते हैं। अगर आपने पिछले साल में इसका इस्तेमाल नहीं किया है, तो उन्हें दान करने, बेचने या इससे छुटकारा पाने पर विचार करें। अगर आप अपने घर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली जगहों से शुरुआत कर सकते हैं। हर वस्तु पर अलग से विचार करें और तय करें कि यह जरूरी है, उपयोगी है या आपको खुशी देती है। एक न्यूनतम जीवन शैली का मतलब अपनी सारी चीजों से छुटकारा पाना नहीं है। इसका मतलब है सबसे जरूरी चीजों को रखना। वहीं रसोई भी अनावश्यक वस्तुओं को कम करने के लिए सबसे आसान स्थानों में से एक है। इसे शुरू करने के लिए उन वस्तुओं पर विचार करें, जिनका आप सबसे अधिक उपयोग करते हैं। अपने उपकरणों, बर्तनों को देखें और जो आप उपयोग नहीं करते हैं, उन्हें हटा दें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## ओम शिला खो न दे पहचान

# ओम पर्वत पर प्रकृति का लिखा 'ऊं' हुआ लुप्त



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *“जिस पर्वत पर ओम लिखा है, उसे ऋषियों ने धरती के व्यास की नाप-जोख करके इसे पृथ्वी की नाभि यानी केंद्र बिंदु माना है। इसी क्षेत्र में स्थित कैलाश पर्वत को ब्रह्मांड की धुरी माना है। धरती की ओर उत्तरी ध्रुव है तो दूसरी ओर दक्षिणी ध्रुव है। दोनों के केंद्र में अखंड हिमालय पर्वत है और हिमालय के केंद्र में कैलाश मानसरोवर है। ऋग्वेद के ऋषियों ने माना है कि आर्यावर्त का जो क्षेत्र बहुत पहले विस्तृत था, उसके चारों ओर समुद्र फैला हुआ था। इसे ही सप्तसिंधु क्षेत्र कहा गया है।”*



इसे पर्यटन संबंधी नीतियों को बढ़ावा देने की विडंबना ही कहा जाएगा कि दुर्लभ कैलाश मानसरोवर जाने वाले मार्ग पर जो ओम पर्वत मिलता है, उस पर प्रकृति ने अपनी कलम से 'ऊं' बर्फ की स्याही से लिखा हुआ था। अब बढ़ते पर्यटन और फैलते प्रदूषण का नतीजा निकला है कि इस ओम से बर्फ गायब हो गई है। बर्फविहीन पर्वत काला दिखाई दे रहा है। इससे देशभर के पर्यावरण प्रेमी और वैज्ञानिक चिंतित हैं। यह अनूठा पर्वत विश्व प्रसिद्ध हैं, क्योंकि यह बहुअक्षरों का भान कराने वाला मात्र एक शब्द का अक्षर प्रकृति का सबसे पहला देवनागरी में लिखा हुआ शब्दाक्षर है। यह इसलिए भी विलक्षण है, क्योंकि यहां विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक संस्था नासा ने तीव्र आवृत्ति वाले ध्वनि रिकॉर्ड करने वाले यंत्रों से यहां गूंजने वाली ध्वनि को रिकॉर्ड करके चलाया तो उसका उच्चारण स्पश्ट रूप से ऊं उच्चारित करती हुई सुनाई देती है। इसे गूगल पर 'साउंड ऑफ सन' टंकित करके आसानी से सुना जा सकता है।

पर्यावरणविद् और स्थानीय लोग हिमालयी तापमान में वृद्धि और उच्च हिमलयी क्षेत्र में अंधाधुंध चल रहे कथित विकास कार्यों को इस बर्फ के पिघलने का दोश दे रहे हैं। हम निरंतर देख रहे है कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमनोत्री और गंगोत्री जाने वाले रास्तों के पहाड़ों में लगातार भू-स्खलन हो रहा है। पिछले दिनों पिथौरागढ़ जिले के गांव गुंजी की मूल निवासी उर्मिला सनवाल गुंज्याल अपने गांव 16 अगस्त को ओम पर्वत के दर्षन के लिए गई थीं। किंतु जब वे ओम पर्वत पर पहुंची तो हैरान रह गईं। पर्वत पर उत्कीर्ण ऊं से बर्फ लुफ्त थी। उन्होंने इस अवस्था में आए ओम पर्वत के चित्र भी लिए। बाद में जब इसकी जानकारी पर्यावरण वैज्ञानिकों को दी तो सब आश्चर्यचकित रह गए। कुमाऊंमंडल के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला तहसील की व्यास घाटी में स्थित ओम पर्वत 5,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर स्थित नाभिढंग से ओम पर्वत के दर्शन होते हैं। इस जानकारी पर चिंता जताते हुए भारतीय पर्यावरण संस्थान उत्तराखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के पूर्व विभागाध्यक्ष वीडी जोशी का कहना है कि यदि इसी तरह से उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मनुष्यों की आवाजाही बढ़ती गई और विकास के नाम पर सड़कों का जाल पहाड़ों में अंधाधुंध तरीके बिछाया जाता रहा, भवन एवं सुरंगे बनाई जाती रहीं और पहाड़ को तोड़ने के लिए विस्फोट किए जाते रहे, तो एक दिन हमेशा के लिए उत्तराखंड के पहाड़ों से बर्फ पूरी तरह लुफ्त हो जाएगी। यही नहीं ध्वनि प्रदूषण पहाड़ों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। इससे न केवल बर्फ पिघलती है, बल्कि पड़ाडों में रहने वाले वन्यजीवों की प्रजनन प्रक्रिया भी बाधित हो रही है। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के लिए जो हेलिकॉप्टर सेवा आरंभ हुई है, उससे वायु और ध्वनि प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। इस कोलाहल में हिमालयी वन्यप्राणियों और पशु-पक्षियों का जीना कठिन हो गया है।

जिस पर्वत पर ओम लिखा है, उसे ऋषियों ने धरती के व्यास की नाप-जोख करके इसे पृथ्वी की नाभि यानी केंद्र बिंदु माना है। इसी क्षेत्र में स्थित कैलाश पर्वत को ब्रह्मांड की धुरी माना है। धरती की ओर उत्तरी ध्रुव है तो दूसरी ओर दक्षिणी ध्रुव है। दोनों के केंद्र में अखंड हिमालय पर्वत है और हिमालय के केंद्र में कैलाश मानसरोवर है। ऋग्वेद के ऋषियों ने माना है कि आर्यावर्त का जो क्षेत्र बहुत पहले विस्तृत था, उसके चारों ओर समुद्र फैला हुआ था। इसे ही सप्तसिंधु क्षेत्र कहा गया है। अखंड भारत में बहने वाली सात प्रमुख नदियां इसी हिमालय की कोख से निकलती हैं। इन नदियों में सिंधु, सरस्वती, रावी, सतलज, झेलम, चिनाव और व्सास हैं। कई करोड़ साल पहले एक प्राकृतिक घटना के घटने से हिमालय का उद्गम हुआ था। हिमालय पर स्थित कैलाश क्षेत्र को दुनिया की नाभि भी माना गया है। क्योंकि यह आकाश और पृथ्वी के बीच में स्थित है। यहां दशों दिशाएं आकर मिलती हैं। साफ है, यहां की प्रकृति विलक्षण होने के साथ जीव-जगत के लिए उपयोगी है। इसी क्षेत्र में स्थित ओम पर्वत अलग से खड़ा है। इसी पर प्राकृतिक रूप से उत्कीर्ण ऊं अंकित है। ओम की इस चित्रात्मक छवि में स्वर्णिम आभा सी दीप्तमान होती है। जिसमें हमेशा बर्फ भरी रहती है। अनुभव होता है कि मानो प्रकृति ने बफीर्ली स्याही भर दी है। ओम अक्षर देवनागरी की सुंदर लिपि में लिखा दिखाई देता है। ऊ के आकार में समाहित प्रत्येक रेखा, चंद्रबिंदु, अनुस्वार स्पष्ट परिलक्षित होते है। इस शब्दाक्षर को अनुस्यूत करने पर अनुभव होता है कि जैसे निश्चल शिलाखंड पर कोई मानव आकृति ओमकार की प्रतिकृति में स्थितप्रज्ञ रहते हुए सूर्य को अर्घ्य दे रही है। नाभीढांग ही वह स्थल है, जहां शिव की पत्नी सती के पार्थिव शरीर का एक अंग गिरा था। इसलिए यह 51 शक्तिपीठों में भी शामिल है।

यहां ओम की ध्वनि उच्चारित करने पर बहुत देर तक प्रतिध्वनित होकर गूंजती रहती है। ब्रह्मांड की इस ओम ध्वनि को मूल ध्वनि माना गया है। इस मूल ध्वनि के नाप का ब्रह्मांड में उदघोश निरंतर होता रहता है। साधारण मनुष्य इस ध्वनि को नहीं सुन पाते हैं, क्योंकि आम व्यक्ति की श्रवण क्षमता न्यूनतम होती है। परंतु तपस्वी ऋषियों ने योगबल से भ्रम की इस ध्वनि से साक्षात्कार हजारों साल पहले कर लिया था। अभी तक इसे कपोल कल्पना कहकर कथित बौद्धिक नकारते रहे हैं। किंतु अब ओम के उच्चारण की ध्वनि को नासा ने रिकॉर्ड करने में सफलता प्राप्त कर ली है। इसे 'साउंड ऑफ सन' गूगल पर टंकित करके आसानी से सुना जा सकता है। इसमें ओम की ध्वनि स्पष्ट सुनाई देती है। अतएव अब वेदों में उल्लेखित ओम ध्वनि का तथ्यात्मक सत्यापन वैज्ञानिक ढंग से हो गया है।

जहां कैलाश मानसरोवर की असंख्य पर्वत श्रेणियां हैं, वहां बर्फीली श्वेतवर्णी परतों से बर्फ की छार और जल की धाराएं निरंतर झरती रहती है। यहीं सतह पर मानसरोवर और राक्षसताल सरोवरों का युग्म हैं। मानसरोवर तालाब को पिंगला और राक्षसताल को इड़ा नारी का प्रतीक माना जाता है। इन दोनों तालाबों को गंगाछू नाम की स्थानीय नदी परस्पर जोड़े रखती है। मानसरोवर में जब जल की मात्रा बढ़ जाती है, तब यह जल गंगाछू नदी से बहकर राक्षसताल में समाने लगता है। इन तालाबों में हंसों के जोड़े अकसर दिखाई दे जाते हैं। कैलाश की विराट आकृति लिंग के समान मानी जाती है। कैलाश की परिक्रमा करती हुई छह पर्वत श्रेणियां हैं, इनके 16 शिखर ऐसे दिखते हैं, मानो 16 पंखुड़ियों वाले कमल पुश्प की आकृति बना रहे हों, इस कैलाश पर्वत पर जब उगते और अस्त होते सूर्य की किरणें पड़ती हैं, तो यह स्वर्णिम चमक से दमक उठता है। यह सौंदर्य अद्भुत माना जाता है। दोपहर का सूर्य स्फटिक मणि की तरह चमकता है। इन्हीं तालाबों से सिंधु, ब्रह्मपुत्र, सतलज और करनाली नदियों के उद्गम स्थल हैं। अतएव हिमालय का यह पर्वतीय क्षेत्र जीव-जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज ओम पर्वत से बर्फ गायब हुई है, हो सकता है कल कैलाश की पर्वत श्रृंखलाओं से झरने वाली बर्फ भी विलुप्त हो जाए? तब न मानसरोवर और राक्षसताल रहेंगे और न ही इनसे निकलने वाली नदियां? तब इस क्षेत्र में इस वीराने की कल्पना ही डराने वाली दहशत पैदा कर देती है।

**व्यंग्य**

# भेड़िया उवाच



डॉ प्रदीप उपाध्याय
व्यंग्यकार

तुम कहते हो कि भेड़ियों तुम आदमखोर क्यूं होते जा रहे हो! क्या तुम्हें नहीं मालूम! यह कोई राज की बात है भी नहीं. जब भी कोई हमारे अधिकार क्षेत्र में अनाधिकृत चेष्टा करता है तो हम खूंखार हो जाते हैं. मानव गोश्त भी हमें अच्छा लगने लगता है. हम मानव मात्र द्वारा की गई गलतियों के कारण ही आदमखोर होते जा रहे हैं। क्या तुम लोगों को इसका जरा भी भान है! मानवजाति द्वारा किए गए अपराध का बोध मुझे तो हैं लेकिन शायद तुम्हें नहीं है या तुम अंजान बने बैठे हो.

हम जानते हैं कि आदमखोरी हमारी फितरत में नहीं रही है किन्तु फिर भी आखिर हम कितने दिनों तक अपने पेट की क्षुधा दबाए रख कहते हैं.जाहिर सी बात है कि हम अपने कुनबे की भूख बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, हमारी अपनी भूख ही तो है जो हमें नरभक्षी बना रही है और तभी तो अपनी भूख मिटाने के लिए इंसान का शिकार कर रहे है। हमें जंगल से बाहर निकलने के लिए मजबूर भी तो तुम्हीं ने किया है। जंगलों को मिटाने में तुम्हारा ही तो हाथ रहा है। यदि जंगल सिर्फ नाम के बचेंगे और खाने को कुछ नहीं होगा तब! स्वाभाविक है कि जीने के लिए कुछ तो खाना ही होगा और ईश्वर ने भी तो हमें मांसाहारी बनाया है, इसमें भला हमारा क्या दोष! संभव है कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए ही शाकाहारी और मांसाहारी जीव-जंतु पृथ्वी पर आए हो लेकिन फिर भी एक बातों हमें संतुष्टि देती है कि हमें अपनी भूख मिटाने के लिए कभी अपने कुनबे का शिकार नहीं करना पड़ता है! हम लोग तुम मनुष्यों जैसे स्वार्थी और नीच प्रकृति के नहीं हैं जो निज स्वार्थों के लिए अपनी ही कौम के लहू के प्यासे हो जाएं.

हाँ,अब जब हम आदमखोरी पर उतर आए हैं तो यह भी जानते हैं कि तुम लोग हमें छोड़ने वाले नहीं हो. हमसे ज्यादा जालिम तो तुम खुद मनुष्य ही हो. हम खुद ही जानते हैं कि एक न एक दिन पकड़ लिए जाएंगे और हमारा क्या हश्र तुम लोग करोगे .हमें भी पीड़ा होती है, हम आदमखोर होकर बहुत व्यथित फील करते हैं. हम दिली तौर पर चाहते भी नहीं हैं कि निर्दोष और मासूम लोगों का शिकार कर अपने पेट की क्षुधा मिटाएं किन्तु हम कर भी क्या सकते हैं.हमारा आक्रोश भी तो तुम महसूस करो .
तुम इस बात को स्वीकारते भी हो कि इंसान ने विकास के नाम पर जंगल के जंगल साफ कर दिए. यह देखकर कितनी पीड़ा होती है कि तुम लोगों ने अपने स्वार्थ की खातिर जंगली जानवरों के आशियाने तक मिटा दिए.जब हमें जंगल में रहने की जगह और पेट की आग मिटाने को कोई शिकार नहीं मिलेंगे तब स्वाभाविक ही है कि या तो हम अपना अस्तित्व मिटा लें या फिर जंगल से बाहर आकर अपना बदला लेने के लिए तुम आदमजात का ही शिकार कर लें.बेचारे कुत्ते भी तो हमारी तरह आदमी का शिकार करने लगे हैं . इंसान जब उन्हें रोटी नहीं देगा तब वे अपनी भूख मिटाने कहां जाएंगे।

इन सब के बाद भी यदि खोजने निकलोगे तो खूंखार जानवरों में आदमियत की पहचान हो सकती है लेकिन क्या तुम आदमी में छुपे खूंखार वहशी की पहचान कर सकते हो. वैसे कुत्ते कई मामलों में इंसान और हम भेड़ियों से कई गुना बेहतर है.उनकी वफादारी के गुण का कोई तोड़ नहीं है .मेरी इस बात का बुरा मत लगाना क्योंकि साँच को आँच नहीं ।

## नॉलेज कॉर्नर: झारखंड में फिटनेस टेस्ट में 11 लोगों की मौत से खलबली

# दौड़ में यह बन जाती है मौत की वजह

झारखंड में आबकारी कांस्टेबल भर्ती में फिजिकल टेस्ट के वक्त अचानक 11 कैंडिडेट्स की मौत होने से देशभर में हड़कंप मचा हुआ है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि झारखंड में आखिर फिटनेस टेस्ट के दौरान 11 अभ्यर्थियों की मौत क्यों हुई है और इसके पीछे की वजह क्या है। आज के नॉलेज कॉर्नर में हम आपको बताएंगे कि फिजिकल टेस्ट में अभ्यर्थियों की मौत कैसे हुई है और क्या की वजह रही।

### देशभर में हुई सियासत तेज

दरअसल झारखंड में फिटनेस टेस्ट में अभ्यर्थियों की मौत के बाद देशभर में सियासत तेज हो गई है। अलग-अलग पार्टी इसको लेकर राजनीति कर रही हैं। इस बड़े हादसे के बाद पुलिस महकमे से लेकर सियासत में खलबली मची हुई है। घटना को लेकर डॉक्टर और सीनियर कार्डिलॉजिस्ट टीएस क्लर ने एक अहम बात बताई है। उन्होंने कहा कि एक्सरसाइज के दौरान कार्डियक अरेस्ट की वजह से मौत हो जाती है।



### पुलिस ने दर्ज किए हैं अप्राकृतिक मृत्यु के मामले

झारखंड में आबकारी कांस्टेबल भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान 11 अभ्यर्थियों की मौत मामले में पुलिस ने कहा था कि झारखंड आबकारी कांस्टेबल प्रतियोगी परीक्षा के तहत शारीरिक दक्षता यानी फिजिकल टेस्ट के दौरान 22 अगस्त को रांची, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, पूर्वी सिंहभूम और साहेबगंज जिलों के सात केंद्रों पर आयोजित किया गया था। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी. होमकर ने बताया कि पलामू में चार, गिरिडीह और हजारीबाग में दो-दो, रांची के जगुआर केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी और साहेबगंज केंद्रों पर एक-एक अभ्यर्थी की मौत हुई था। उन्होंने कहा था कि अप्राकृतिक मौत के मामले दर्ज कर लिए गए हैं और इसकी जांच जारी है। होमकर के मुताबिक 30 अगस्त तक कुल 1,27,772 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 78,023 पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि सभी केन्द्रों पर चिकित्सा दल, दवाइयां, एम्बुलेंस और पेयजल समेत पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

**इन्होंने बताया मौत की यह वजह**

*सीनियर कार्डिलॉजिस्ट टी एस क्लर कहना है कि कार्डियक अरेस्ट होना आज के वक्त आम बात है। यह एक्सरसाइज के दौरान भी हो जाता है कई बार यह देखा जाता है कि यह एक पुरानी बीमारी का कारण भी होता है। लेकिन ज्यादातर सडन हाई इंटेंस एक्सरसाइज करते हैं, तो उसमें यह देखा जाता है कि ऐसे सडन हार्ट अटैक के चांस रहते हैं। ऐसे में अभ्यर्थियों की मौत के पीछे यह वजह हो सकती है।*

कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर

**X**



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
हम वो लोग हैं, जिन्होंने कभी दीवारों पर इस श्रद्धा और विश्वास से कमल पेंट किया कि कभी ना कभी यह देशवासियों के दिलों पर भी पेंट होकर रहेगा। बीजेपी का सदस्यता अभियान देश को मजबूत बनाने के लिए है, इसलिए... आज 18 से 25 साल के नौजवानों को हमें 'नेशन फर्स्ट' के विचार से जोड़ना है, क्योंकि वही विकसित भारत के सपने को पूरा करने का सामर्थ्य रखते हैं।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP @Thulasimathi11
आपने अपनी सीमाओं से परे उड़ान भरते हुए #Paralympics2024 में अविश्वसनीय प्रदर्शन से हम सबका हौसला बढ़ाया है! पैरा बैडमिंटन महिला एकल (SU5) इवेंट में रजत पदक जीतने की आपकी यात्रा कोर्ट पर धैर्य और उत्कृष्टता की अद्वितीय मिसाल है। आपके इस शानदार प्रदर्शन पर पूरे देश को गर्व है!

### केरल में महिला नेता के आरोपों से गरमाई सियासत... कहा था- पार्टी में आगे बढ़ने के लिए करने पड़ते हैं समझौते

# कांग्रेस में कास्टिंग काउच का आरोप, पार्टी ने महिला नेता की सदस्यता की रद्द

**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम

मलयाली फिल्म इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न के मामलों में हेमा कमेटी की रिपोर्ट से मची खलबली के बाद केरल कांग्रेस की एक महिला नेता के पार्टी में कास्टिंग काउच के आरोप से राज्य में सियासत गरमा गई है।

कांग्रेस ने इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोप लगाने वाली महिला नेता सिमी रोजबेल जॉन को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। केरल कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अनुशासन तोड़ने के कारण सिमी रोजबेल की प्राथमिक सदस्यता रद्द कर दी गई है। ज्ञात रहे कि सिमी रोजबेल ने गत दिनों एक टीवी चैनल से बातचीत में आरोप लगाया था कि कांग्रेस में भी कास्टिंग काउच कल्चर है। यहां प्रतिभा काम नहीं आती है और पार्टी के अंदर आगे बढ़ने के लिए पुरुषों को इम्प्रेस करने के लिए समझौते करने पड़ते हैं।



उन्होंने इसकी तुलना फिल्म इंडस्ट्री में लगने वाले आरोपों से की थी। एनार्कुलम की रहने वाली पूर्व कांग्रेस नेता सिमी रोजबेल ने विपक्ष के नेता वीडी सतीशन पर भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

### आवाज उठाने वाली महिलाओं को होना पड़ता है निष्कासित: जॉन

सिमी रोजबेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस में आवाज उठाने वाली महिलाओं को पार्टी से निष्कासित होना पड़ा है। अपने निष्कासन पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में स्वाभिमानी महिलाएं काम नहीं कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रह चुकीं एक नेता को भी अपना दर्द साझा करने के लिए पार्टी से निकाल दिया गया।

### कांग्रेस का महिला कार्यकर्ताओं की छवि खराब करने का आरोप

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दावा किया कि सिमी राजनीतिक शत्रुओं के साथ मिलकर पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं की छवि खराब कर रही हैं। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी(केपीसीसी) द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, केपीसीसी की राजनीतिक मामलों की समिति की महिला नेताओं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला पदाधिकारियों और कांग्रेस की महिला इकाई की प्रमुख ने संयुक्त रूप से पार्टी नेतृत्व से शिकायत की थी। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की पूर्व सदस्य सिमी रोजबेल जॉन के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया था। पार्टी के प्रदेश महासचिव एम लिजू ने एक बयान में कहा कि इस शिकायत के आधार पर प्रदेश अध्यक्ष के सुधाकरन ने सिमी रोजबेल जॉन के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद सुधाकरन ने कहा कि सिमी रोजबेल के आरोप निराधार हैं और केपीसीसी, महिला कांग्रेस की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत की जांच करेगी।

**फिल्म इंडस्ट्री में भी मची है खलबली**

ज्ञात रहे कि मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में जस्टिस हेमा कमिटी की रिपोर्ट से खलबली मची है। अब कास्टिंग काउच और मी टू (Mee too) मूवमेंट की एंट्री केरल के पॉलिटिक्स में हो गई है। सिमी रोजवेल ने दावा किया था कि उनके पास ऐसे कई सबूत हैं जो सही समय पर सामने आएंगे।

---

### आप विधायक अमानतुल्लाह खान गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया है। बाद में ईडी ने 50 वर्षीय खान को विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश कर उन्हें 10 दिन की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। एजेंसी ने कहा कि खान का मामले के अन्य आरोपियों और साक्ष्यों से आमना-सामना कराने की आवश्यकता है। 'आप' विधायक की ओर से पेश वकील ने मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी। ईडी ने राष्ट्रीय राजधानी के ओखला इलाके में खान के आवास पर तलाशी लेने के बाद सोमवार सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया।

### केंद्रीय बल हिंसा रोकने में विफल, वापस बुला लें

**इंफाल।** मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने सोमवार को केंद्र से अनुरोध किया कि यदि केंद्रीय बलों की मौजूदगी से हिंसा नहीं रुकती तो राज्य से उनको वापस बुला लिया जाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में सिंह ने कहा कि यदि केंद्रीय बल ऐसा करने में विफल रहते हैं तो जातीय संघर्ष प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास के लिए राज्य सुरक्षा कर्मियों को कार्यभार संभालने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में करीब 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद शांति नहीं आई है। इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर मूकदर्शक के रूप में मौजूद रहते हैं। उन्होंने इस बात को माना कि राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग की कमी के कारण हाल में असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की कार्रवाई की गई।

### RSS समन्वय बैठक: जातीय जनगणना, महिला सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर मंथन

# पिछड़ों के कल्याण के लिए जरूरी हो तो सरकार कराए जातीय गणना: संघ

**■ यह दी नसीहत : चुनाव प्रचार में जातीय मुद्दों का न हो इस्तेमाल**

**यह भी बोला संघ**

- जातिगत जनगणना एक संवेदनशील मुद्दा है और इसपर राजनीति नहीं होनी चाहिए।
- पिछड़े समुदायों के कल्याण के लिए अगर कभी सरकार को आंकड़ों की आवश्यकता होती है तो यह एक अच्छी प्रैक्टिस है। लेकिन यह केवल उन समुदायों और जातियों के कल्याण के लिए किया -जाति और जाति से जुड़े हुए मुद्दे काफी संवेनदशील है, इससे सावधानी से निपटा जाना चाहिए

**एजेंसी** | तिरुवनन्तपुरम/पलक्कड़।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने जातीय जनगणना को राजनीति से दूर रखने को कहा है। केरल के पलक्कड़ में आयोजित तीन दिवसीय समन्वय बैठक के आखिरी दिन सोमवार को संघ ने जातीय जनगणना की गेंद सरकार के पाले में डाल दी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि अगर पिछड़े समाज के कल्याण के लिए जातीय जनगणना करने की जरूरत है तो सरकार इसे करा सकती है। मगर चुनाव प्रचार में इसका राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में जाति एक संवेदनशील मुद्दा है और यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना सिर्फ उन समुदायों और जातियों के कल्याण के लिए ही होनी चाहिए। आंबेडकर ने कहा कि बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा और देश में महिला के खिलाफ उत्पीड़न पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के अंतिम दिन सोमवार को जातीय राजनीति से मुकाबले के लिए फिर हिंदुत्व का खाका तैयार किया गया। इस बैठक में भाजपा समेत 32 अनुषांगिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद आरएसएस के सभी संगठनों की यह पहली समन्वय बैठक है।



### गैर भाजपा पार्टियां के दबाव से बदल रहा है रुख!

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार 2024 के चुनाव नतीजों ने संघ और भाजपा को झकझोर दिया है। दलितों-पिछड़ों ने जिस तरह से वोट की ताकत दिखाई, वह भाजपा के लिए चेतावनी है। कांग्रेस, राजद, समाजवादी पार्टी जैसी विपक्षी पार्टियां तो जातिगत जनगणना की मांग कर ही रही हैं। हाल के दिनों में कांग्रेस ने इस मुद्दे को बहुत आक्रामक तरीक से उठाया है। वहीं, भाजपा के सहयोगी दल भी जातीय जनगणना को लेकर मुखर हैं। नीतीश कुमार की पार्टी जदयू, चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) भी जातीय जनगणना के पक्ष में है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने जातीय जनगणना के मुद्दे को ज्यादा भाव नहीं दिया। बिहार में जातिगत जनगणना पर सवाल भी उठाए थे। संभवत: इसलिए ही रुख में बदलाव आ रहा है।

### पंच परिवर्तन का संकल्प लिया

बैठक में जातीय राजनीति और सामाजिक चुनौतियों से मुकाबले के लिए पंच परिवर्तन का आह्वान किया गया। बैठक में यह तय किया गया कि देश के लोगों को अपने राष्ट्र के गौरव के साथ कर्तव्यों के लिए भी तैयार करना जरूरी है, इसके लिए पंच परिवर्तन का संकल्प लिया गया। बैठक में नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय स्वत्व देशव्यापी परिवर्तन अभियान चलाने पर सहमति बनी।

### महिलाओं के लिए त्वरित न्याय पर जोर

बैठक में कोलकाता रेप केस और महिलाओं के खिलाफ अपराध पर भी चर्चा हुई। बैठक में एक महिला डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना की निंदा की गई तथा इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया गया। आंबेकर ने बताया कि अत्याचार का शिकार होने वाली महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए कानूनों और दंडात्मक कार्रवाइयों की समीक्षा करने की जरूरत है

### हिंदुओं की सुरक्षा पर बांग्लादेश से बातचीत का आग्रह

बैठक में बंगाल में हिंदुओं के उत्पीड़न पर लंबी चर्चा हुई। आंबेकर ने बताया कि बांग्लादेश की स्थिति पर विभिन्न संगठनों ने विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को लेकर हर कोई चिंतित है। आरएसएस ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया है।

## SC: जातिगत जनगणना पर सुनवाई से इनकार... कहा-मामला सरकार के दायरे में

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें सामाजिक और जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार के दायरे में आता है और नीतिगत मामला है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

न्यायाधीश ऋषिकेश रॉय और न्यायाधीश एसवीएन भट्टी की पीठ ने जातिगत जनगणना कराने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। इसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। अदालत ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं से कहा, इस बारे में क्या किया जा सकता है? यह मुद्दा शासन के दायरे में आता है। यह नीतिगत मामला है।



### याचिका में बताया गणना को जरूरी

याचिका में कहा गया कि सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना वंचित समूहों की पहचान करने, समान संसाधन वितरण सुनिश्चित करने और लक्षित नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करने में मदद करेगी। 1931 का अंतिम जाति-वार डेटा पुराना हो चुका है। जनगणना और सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना से सटीक डेटा केंद्र सरकार के लिए सामाजिक न्याय और संवैधानिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

अधिवक्ता रविशंकर जंडियाला ने तर्क दिया कि कई देशों ने ऐसा किया है, लेकिन भारत ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा, 1992 के इंद्रा साहनी फैसले में कहा गया है कि यह जनगणना समय-समय पर की जानी चाहिए। पी. प्रसाद नायडू ने वरिष्ठ अधिवक्ता रविशंकर जंडियाला और अधिवक्ता श्रवण कुमार करनम के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में यह याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि वह याचिका खारिज कर रही है, क्योंकि अदालत इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अदालत के मूड को भांपते हुए वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया। नायडू ने अपनी याचिका में कहा था कि केंद्र और उसकी एजेंसियां 2021 की जनगणना को बार बार स्थगित कर रही हैं।

### नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला का दावा

# PDP-BJP में फिर हो सकता है चुनाव के बाद गठबंधन

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के उस दावे पर अपनी भी सहमति जताई है, जिसमें मलिक ने दावा किया था कि भाजपा, राम माधव को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ चुनाव बाद गठबंधन करने के लिए ही चुनाव से ठीक पहले वापस लाई है। उमर ने कहा कि माधव पीडीपी के अलावा जम्मू-कश्मीर में किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के करीबी नहीं हैं। उमर ने मध्य कश्मीर के गांदरबल में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वह बेहतर जानते हैं क्योंकि सत्यपाल मलिक के भाजपा के साथ घनिष्ठ संबंध थे और 2019 में जो कुछ हुआ वह मलिक के हाथों हुआ। अब, राम माधव यहां क्यों और किस कारण से आए, मैं यह नहीं कह सकता। इसका जवाब तो भाजपा ही दे सकती है, लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि अगर राम माधव जम्मू-कश्मीर में किसी राजनीतिक दल के करीब हैं तो वह पीडीपी है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पिछली बार भाजपा और पीडीपी को एक मंच पर लाने के शिल्पकार राम माधव ही थे। उन्होंने कहा, उन्होंने ही दोनों दलों के बीच 2014-15 में गठबंधन करवाया था और शायद इसीलिए उन्हें फिर से वापस लाया गया है।



### अलगाववादी नेताओं का चुनाव में शामिल होना हमारी सफलता

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने और लोकतंत्र पर भरोसा दिखाने वाले कुछ अलगाववादी नेताओं का फैसला उनके लिए सफलता है क्योंकि चुनावी राजनीति और हिंसा के खिलाफ उनके रुख की पुष्टि हुई है। उमर अब्दुल्ला ने यह बात तब कही जब उनसे हुर्रियत के एक पूर्व नेता के फैसले के बारे में पूछा गया, जो रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी में शामिल हो गए थे। अब्दुल्ला ने कहा, विचारधाराएं बदलती रहती हैं। चुनाव आ गए हैं और वे (हुर्रियत के कुछ नेता) चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।

## J&K: भाजपा-कांग्रेस ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने सोमवार को अपने अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। भाजपा की सूची में छह उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। जबकि कांग्रेस ने भी इतने ही प्रत्याशियों की घोषणा की है। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना को नौशेरा से उम्मीदवार घोषित किया है। इसके अलावा पार्टी ने लाल चौक से इंजी. ऐजाज हुसैन, ईदगाह से आरिफ राजा, खानसाहिब से डॉ. अली मोहम्मद मीर, चरार-ए-शरीफ से जाहिद हुसैन, और राजौरी से विबोध गुप्ता को उम्मीदवार घोषित किया है।

### कांग्रेस: कर्रा सेंट्रल शाल्टेंग से प्रत्याशी

दूसरी ओर कांग्रेस ने सेंट्रल शाल्टेंग से तारिक हमीद कर्रा, रियासी से मुमताज खान, श्री माता वैष्णो देवी से भूपेंद्र जामवाल, रजौरी से इफ्तकार अहमद, थन्नामंडी से शब्बीर अहमद खान और सुरनकोट से मोहम्मद शाहनवाज चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया है। ज्ञात रहे कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहला चरण में18 सितंबर को, दूसरे चरण में 25 सितंबर को और तीसरे चरण में एक अक्टूबर को मतदान होगा।

---

### भाजपा का सदस्यता अभियान-2024 शुरू, पीएम मोदी ने किया शुभारंभ- कहा...

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन, नई राजनीतिक संस्कृति लाने का प्रयास

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी को पार्टी का पहला सदस्य बनाकर अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही पूरे देश में यह अभियान शुरू हो गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने पार्टी के टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल के जरिए फिर से भाजपा की सदस्य ली। इसके बाद, पार्टी के अन्य कई नेताओं को भी फिर से पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। इस अभियान को 'संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024' का नाम दिया गया है। पार्टी का लक्ष्य फिलहाल 10 करोड़ से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा, आज सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, जब तक जिस संगठन के जरिए या जिस राजनीतिक दल के जरिए देश की जनता सत्ता सौंपती है, वो ईकाई, वो संगठन और वो दल अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है, उनमें आंतरिक लोकतंत्र निरतंतर नहीं पनपता है, तो स्थिति वैसी ही बनती है जो आज देश के कई दलों की हम देश रहे हैं। न्होंने आगे कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो अपनी पार्टी के संविधान अनुसार लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्यों का विस्तार कर रही है और जन-सामान्य की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए अपने आप को निरंतर योग्य बनाती रहती है।



### इस बार का सदस्यता अभियान भी 10 करोड़ का आंकड़ा पार करेगा : नड्डा

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री देश के प्रधानसेवक होने के नाते 140 करोड़ देशवासियों का नेतृत्व करने के लिए प्रशासन की बारीकियों में दिन-रात व्यस्त रहते हैं। उन्होंने हमेशा इस बात को अपने आप में जिया है कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन पहले है। संगठन को जब भी आवश्यकता पड़ी है, व्यस्त समय में भी वो पार्टी को आगे बढ़ाने की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा, जब अमित शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तो उस समय उन्होंने सदस्यता अभियान को प्राथमिकता दी थी। उन्होंने कहा था कि हम संगठन के रास्ते बदलेंगे, संगठन के तरीके बदलेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जो कमल के निशान के साथ चलना चाहते हैं, उनका हम पार्टी में समावेश कर सकें।

### भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी: अमित शाह

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान को रीन्यू नहीं करता है। ऐसा केवल और केवल भाजपा ही करती है।

### विश्वसनीयता के संकट को चुनौती के रूप में लिया: राजनाथ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, इस सच्चाई को आज कोई नकार नहीं सकता कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और भारत के नेताओं पर से जनता का भरोसा कम हुआ है। भारत की राजनीति में इससे पहले नेताओं की कथनी और करनी में जो विश्वास का संकट पैदा हुआ था, उस विश्वसनीयता के संकट को किसी ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है, तो वो हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने किया है।

## जरूरी खबर

### शंभू बॉर्डर मसला: SC ने गठित की उच्च स्तरीय समिति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर फरवरी से धरने पर बैठे किसानों की शिकायतों को सौहार्दपूर्ण ढंग से 'हमेशा के लिए' निपटाने की सोच के साथ उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक बहु-सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का सोमवार को गठन किया। न्यायाधीश सूर्य कांत एवं न्यायाधीश उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सिंह की अध्यक्षता वाली इस समिति को कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य और अन्य मुद्दों पर किसानों की चिंताओं के मद्देनजर एक रूपरेखा तैयार करने के लिए एक सप्ताह के भीतर अपनी पहली बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक पी एस संधू, कृषि विशेषज्ञ प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्री डॉ सुखपाल सिंह अन्य सदस्य होंगे।

### वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन, दो महिलाओं की मौत



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन होने से दो महिला तीर्थयात्रियों की मौत हो गई जबकि पांच वर्ष की एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में जान गंवाने वाली दोनों महिलाएं पंजाब और उत्तर प्रदेश की रहने वाली थीं। भूस्खलन के बाद हिमकोटि मार्ग पर तीर्थयात्रियों की आवाजाही रोक दी गई, लेकिन त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित मंदिर की तीर्थयात्रा पारंपरिक सांझीछत मार्ग से जारी रही। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जनहानि पर दुख व्यक्त किया।

### दो जगह से वेतन ले रही थी सेबी प्रमुख बुच: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर विवादों में घिरी सेबी प्रमुख माधवी बुच पर दो जगह से वेतन लेने का आरोप लगाते हुए उनको तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। पार्टी ने दावा किया है कि बुच ने सेबी से वेतन लेने के साथ ही आईसीआईसी बैंक से भी वेतन लिया और अब भी इस निजी बैंक से वे इ-एसओएपी समेत दोहरा लाभ ले रही हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि चार साल में बुच ने आइसीआइसी से 16.80 करोड़ रुपए वेतन व लाभ लिया जबकि इसी दौरान सेबी से उन्होंने 3.30 करोड़ से अधिक का वेतन मिला।

### सैन्य शिविर में गोली लगने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू स्थित एक सैन्य शिविर में सोमवार को गोली लगने की सैनिक की मौत हो गई। रक्षा प्रवक्ता ने घटना में किसी भी आतंकी पहलू से इनकार किया। इससे पहले घटना के बाद अलर्ट जारी किया गया था और इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों के अनुसार पंजाब निवासी नायक कुलदीप सिंह जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित सुंजवान सैन्य शिविर में संतरी की ड्यूटी कर रहे थे तभी उनके सिर में गोली लग गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

## बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो-2024 शुरू




*नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो-2024 में शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया।*

### मोदी की ब्रुनेई व सिंगापुर की यात्रा आज से



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को ब्रुनेई और सिंगापुर की अधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। पीएम मोदी 3-4 सितंबर को ब्रुनेई का दौरा करेंगे। वह ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। भारत और ब्रुनेई के राजनायिक संबंधों को हाल ही में 40 साल पूरे हुए हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री पहली ब्रुनेई यात्रा है। ब्रुनेई के बाद 4-5 सितंबर को पीएम मोदी सिंगापुर की यात्रा पर होंगे। यहां पर निवेश और पर्यटन से जुड़े मुद्दों को लेकर बातचीत होगी। पीएम मोदी 6 सालों के बाद सिंगापुर के दौरे पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत की एक्ट-ईस्ट पॉलिसी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पीएम मोदी की यह यात्रा भारत और इन आसियान देशों के बीच में एक मजबूत संबंधों को और मजबूत करने का प्रयास होगा।

## मोदी कैबिनेट की किसानों को बड़ी सौगात, कई अहम फैसले

# सरकार ने दी 13,966 करोड़ की सात कृषि योजनाओं को मंजूरी

■ इंदौर और मुंबई के बीच नई रेलवे लाइन को मंजूरी, 18,036 करोड़ होंगे खर्च

■ गुजरात में नई सेमीकंडक्टर यूनिट होगी स्थापित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को कई अहम फैसले किए। जिसके तहत किसानों को बड़ी सौगात दी गई। मंत्रिमंडल ने किसानों के लिए 13,966 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी। सरकार ने कहा कि किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह फैसले लिए गए हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने इंदौर और मुंबई के बीच एक नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय लगभग 18,036 करोड़ रुपए की कुल लागत से इस परियोजना को कार्यान्वित करेगा। वहीं, गुजरात के साणंद में 3,300 करोड़ रुपए की लागत से नई सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित की जएगी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर किए गए। व्यापक कृषि कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है। इन कार्यक्रमों का ध्यान मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा, जलवायु बदलाव से तालमेल बैठाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और डिजिटलीकरण के साथ बागवानी और पशुधन क्षेत्रों के विकास पर होगा।

| किस योजना पर कितना खर्च | : | कुल प्रस्तावित खर्च 13,966 करोड़ रुपए |
|---|---|---|
| कृषि डिजिटल मिशन | : | 2,817 करोड़ रुपए |
| फसल विज्ञान | : | 3,979 करोड़ रुपए |
| कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान | : | 2,291 करोड़ रुपए |
| सतत पशुधन स्वास्थ्य और उत्पादन | : | 1,702 करोड़ रुपए |
| बागवानी का सतत विकास | : | 860 करोड़ रुपए |
| कृषि विज्ञान केंद्र | : | 1,202 करोड़ रुपए |
| प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन | : | 1,115 करोड़ रुपए |



### डिजिटल कृषि मिशन समेत कई क्षेत्रों में होगा काम

मंत्रिमंडल ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए फसल विज्ञान को मंजूरी दी है और इसके लिए कुल 3,979 करोड़ रुपए का परिव्यय तय किया गया है। इस कार्यक्रम में छह बिंदुओं पर बल दिया गया है, जिनका उद्देश्य वर्ष 2047 तक जलवायु अनुकूल फसल विज्ञान और खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों को तैयार करना है। ये छह बिंदु अनुसंधान और शिक्षा, पादप आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, खाद्य और चारा फसल के लिए आनुवंशिक सुधार, दलहन एवं तिलहन फसल सुधार, वाणिज्यिक फसलों में सुधार और कीटों, सूक्ष्म जीवों एवं परागण तत्वों से जुड़े शोध से संबंधित हैं। वहीं,कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपए के परिव्यय को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप कृषि शोध एवं शिक्षा को आधुनिक बनाना है। डिजिटल बुनियादी अवसंरचना, एआई, बिग डेटा, रिमोट जैसी नवीनतम प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा और कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और जलवायु से संबंधित जुझारू क्षमता शामिल हैं। मंत्रिमंडल ने 2,817 करोड़ रुपए के कुल निवेश के साथ डिजिटल कृषि मिशन को भी मंजूरी दी। इस परियोजना के आधार स्तंभ कृषि ढांचा और कृषि निर्णय सहायता प्रणाली हैं। वहीं पशुधन के सतत स्वास्थ्य और उनके उत्पादन के लिए 1,702 करोड़ रुपए की योजना को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट द्वारा स्वीकृत एक अन्य प्रमुख योजना- बागवानी के लिए सतत विकास से संबंधित है। कुल 860 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ इस उपाय का उद्देश्य बागवानी पौधों से किसानों की आय बढ़ाना है। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को मजबूत करने के लिए 1,202 करोड़ रुपए की योजना और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए 1,115 करोड़ रुपए की योजना को भी मंजूरी दी। देश भर में 700 से अधिक केवीके हैं।

### सुखोई के लिए खरीदे जाएंगे 240 एयरो इंजन

केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने वायुसेना के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई -30 के लिए 26,000 करोड़ रुपए की लागत से 240 एयरो इंजन की खरीद के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इसके तहत वायुसेना के सुखोई -30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 240 एयरो-इंजन (एएल-31 एफपी) खरीद की जाएगी।

### रेल लाइन : 1,000 गांवों को मिलेगा फायदा

इंदौर और मुंबई के बीच प्रस्तावित नई रेलवे लाइन परियोजना इंदौर और मनमाड के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और गतिशीलता में सुधार करेगी। यह परियोजना महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के छह जिलों को कवर करेगी और मौजूदा भारतीय रेलवे नेटवर्क को लगभग 309 किमी तक बढ़ाएगी। इस परियोजना के साथ, 30 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। नई लाइन परियोजना लगभग 1,000 गांवों और लगभग 30 लाख की आबादी को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

## विधानसभा का विशेष सत्र आज से... दुष्कर्म विरोधी विधेयक होगा पेश

# प.बंगाल: बलात्कार पर होगी मौत की सजा

**एजेंसी** | कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के विरोध में हो रहे आंदोलन से घिरी पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार मंगलवार को विधानसभा में दुष्कर्म विरोधी विधेयक पेश करेगी। इस विधेयक के मसौदे में दुष्कर्म के दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रस्ताव है। विधेयक के मसौदे के अनुसार यदि दोषी बलात्कारी के कृत्यों के कारण पीड़िता की मौत हो जाती है या वह अचेत अवस्था में चली जाती है, तो उसे सजा-ए-मौत देने का प्रावधान किया गया है। विधेयक के मसौदे में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार या सामूहिक बलात्कार के दोषी लोगों को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। इस ड्राफ्ट बिल का नाम 'अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) 2024' रखा गया है। इस नए कानून का उद्देश्य मौजूदा कानूनों में संशोधन करना और बलात्कार और यौन अपराधों के बारे में नए नियम जोड़कर महिलाओं और बच्चों की बेहतर सुरक्षा करना है।



### 21 दिनों में पूरी करनी होगी जांच

इस विधेयक के तहत दुष्कर्म के मामलों की जांच 21 दिनों के भीतर पूरी करनी होगी। जो पहले दो महीने की समय सीमा से कम है। सरकार ने विधेयक पेश करने के लिए विधानसभा का दो दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। इस सत्र में विधेयक को राज्य के कानून मंत्री मलय घटक पेश करेंगे।

### पूर्व प्रिंसिपल डॉ.संदीप घोष गिरफ्तार

**एजेंसी** | कोलकाता



आखिरकार आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को सीबीआई ने सोमवार रात भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर लिया। संदीप घोष से सीबीआई लगातार कई दिनों तक पूछताछ कर रही थी। उनका दो बार पॉलीग्राफ टेस्ट भी हुआ। वह अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी मामले में एजेंसी के रडार पर थे। ज्ञात रहे कि हाई कोर्ट ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितता के मामले की जांच भी सीबीआई को सौंप दी थी। इससे पहले कोर्ट ने ट्रेनी डॉक्टर से रेप व हत्या के मामले की जांच भी सीबीआई को सौंप दी थी। सीबीआई ने यह जांच अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की शिकायतों के बाद शुरू की। उन्होंने घोष के प्रिंसिपल के रूप में कार्यकाल के दौरान लावारिस शवों की तस्करी, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद जैसे वित्तीय कदाचार के आरोप लगाए थे। जांच एजेंसी ने सोमवार को घोष से पूछताछ जारी रखी और फिर देर शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## बुलडोजर कार्रवाई पर शीर्ष अदालत का अहम निर्देश

# किसी के आरोपी या दोषी होने पर नहीं गिराया जा सकता घर : SC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम निर्देश देते हुए कहा कि आपराधिक मामलों में शामिल व्यक्तियों के मकानों को राज्य सरकारों द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त करना गलत है। कोर्ट ने सवाल किया कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है? शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश जारी करेगी जो पूरे देश में लागू होंगे।

जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है क्योंकि वह एक आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि वह किसी भी अनधिकृत निर्माण या सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा। शीर्ष अदालत ने बगैर नोटिस के आरोपियों के घर ढहाने की शिकायत पर कहा कि अगर वह दोषी भी है तो भी कानून में तय प्रक्रिया के बगैर उसका घर नहीं ढहाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का संकेत देते हुए सभी पक्षकारों से सुझाव मांगे हैं। पीठ ने जमीयत उलमा ए हिंद व अन्य की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। जमीयत ने याचिका में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में गैर कानूनी ढंग से आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने के आरोप लगाए हैं।



### तय प्रक्रिया के तहत कार्रवाई : यूपी सरकार

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सरकार ने गैर कानूनी ढंग से निर्माण ढहाए जाने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि कानून की तय प्रक्रिया के तहत ही कार्रवाई की जाती है। किसी अपराध में आरोपित होना कभी भी अचल संपत्ति के ध्वस्त किए जाने का आधार नहीं हो सकता। मामले में 17 सितंबर को फिर सुनवाई होगी। मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता इस तरह से मामले को पेश कर रहे हैं, जैसे कि कोई किसी अपराध में आरोपी होता है तो उसका मकान ढहा दिया जाता है, जबकि यह सही नहीं है। वह दिखा सकते हैं। अधिकारियों ने मकान ढहाए जाने से बहुत पहले नोटिस जारी किया था।

### याचिका में बुलडोजर के चलन पर जताई गई चिंता

याचिका में कहा है कि विभिन्न राज्यों में बुलडोजर इंसाफ का खतरनाक चलन बढ़ा है। इसमें समुदाय विशेष को और वंचित वर्ग को निशाना बनाया जा रहा है। जमीयत की ओर से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे और फारुख रशीद पेश हुए, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बहस की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि प्रदेश सरकार ने इस मामले में गत नौ अगस्त को ही हलफनामा दाखिल कर दिया था और उस हलफनामे में राज्य सरकार ने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध में आरोपी है तो उसका घर ढहाए जाने का यह आधार कतई नहीं हो सकता।

### मणिपुर: उग्रवादियों ने पांच घरों को किया आग के हवाले

**इंफाल।** उग्रवादियों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के एक गांव में खाली पड़े पांच घरों को जला दिया। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को खदेड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उग्रवादियों ने रविवार को पहाड़ी इलाकों से कोत्रुक और कडांगबांद के घाटी क्षेत्रों की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। उग्रवादी कौत्रुक गांव के बाहरी इलाके तक पहुंच गए थे। उग्रवादियों ने पांच खाली पड़े घरों को जला दिया। रविवार को हुए उग्रवादियों ने हमले में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए थे। मणिपुर पुलिस ने दावा किया कि उग्रवादियों ने हमले में रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

### नजर फोटो एग्जिबिशन की अवॉर्ड सेरेमनी में पहुंचें दिग्गज

# फोटोग्राफी केवल कला नहीं, इंपोर्टेंट क्षणों को संजोकर रखने की तिजोरी

बेधड़क | जयपुर

‘फोटोग्राफी केवल कला नहीं है, बल्कि यह जीवन के क्षणों को संभाल के रखने की तिजोरी है।’ यह विचार फोटो लवर्स और गणमान्यों ने रखे। साथ ही श्रेष्ठ फोटोज को अवॉर्ड दिए गए तो फोटोग्राफर्स रोमांचित हो उठे। नजारा था नजर फोटो एग्जिबिशन की अवॉर्ड सेरेमनी का, जो एक निजी होटल में आयोजित हुई। समारोह में मौजूद रहे राजनीति के दिग्गजों ने फोटोग्राफर्स की फोटो की सराहना की। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वैभव गहलोत, जयपुर ग्रेटर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर, विधायक शत्रुघ्न गौतम और डॉ. शिखा मील बराला मौजूद रहे।





## मेडल और सर्टिफिकेट से किया सम्मानित

समारोह में विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट से नवाजा गया। विजेताओं को संबोधित करते हुए वैभव गहलोत ने कहा कि फोटोग्राफी एक तरह का जुनून है। महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि फोटोग्राफर की सोच उसकी फोटो को अनोखा बना देती है। केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि एक साथ 350 से अधिक भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, फोटो पत्रकार, फोटोग्राफर्स, डॉक्टर्स, स्टूडेंट, फ्रीलांस फोटोग्राफर्स की तस्वीरों को एक मंच देना बड़ा काम है। फोटाग्राफी में विजन और टाइमिंग महत्वपूर्ण है। यदि विजन और टाइमिंग के साथ फोटो क्लिक होती है तो वह अमूल्य फोटोग्राफ होता है। चौमूं से विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि देश व विदेश के चुनिंदा छायाकारों की लगभग 600 से अधिक तस्वीरों बीच से विजेताओं को चुनना ही अपने आप में बड़ा काम है। समारोह में समाजसेवी पवन गोयल और राघव गोयल ने फोटोग्राफर्स की हौसला अफजाई की।

## जवाहर कला केंद्र में हुआ था आयोजन

एग्जिबिशन की आयोजक रेणुका कुमावत ने बताया कि राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत विश्व फोटोग्राफी दिवस पर इंटरनेशनल नजर फोटो एग्जिबिशन आयोजित की गई थी। 23 से 25 अगस्त तक जवाहर कला केन्द्र में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया था। तीन दिन में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का विजिट किया और फोटोग्राफर्स फोटोज की जानकारी ली।

## मां नंदा देवी की निकाली शोभायात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तराखंड की ईस्ट देवी के रूप में प्रसिद्द मां नंदा देवी की मुंबई से शुरू हुई लोकजात यात्रा की रविवार को शोभा व कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान बच्चे-पुरुष व महिलाएं पारम्परिक ड्रेस में माता के जयकारे लगाते चले। गढ़वाल सभा के महासचिव प्रेम सिंह रावत ने बताया कि गांधी पथ स्थित किरन मैरिज गार्डन सुबह 10 बजे यात्रा शुरू हुई, जो 11:30 बजे गांधी पथ स्थित पिंकसिटी मैरिज गार्डन पहुंची। वहां यात्रा का स्वागत जयपुर में रहने वाले उत्तराखंडी प्रवासियों ने किया। इस मौके पर रावत एजुकेशन ग्रुप के चेयरमेन बीएस रावत, जीपी कुकरेती-अध्यक्ष, उर्मिला रावत उपाध्यक्ष, नरेंद्र हिंदवान-संयोजक, प्रेम सिंह रावत-महासचिव, जितेंद्र सिंह रावत-राजस्थान प्रतिनिधि, हंस कल्चर व जयपुर में कार्यरत उत्तराखंड की संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने यात्रा का स्वागत किया। साथ ही भक्तों ने हवन और भजन-कीर्तन किए। दोपहर में भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने पंगत जीमी।

## लेडीज ने मनाया लहरिया उत्सव



**बेधड़क. जयपुर।** सूर्या लेडीज क्लब की ओर से लहरिया उत्सव गोपालपुरा के पास स्थित सावी रेजिडेंसी में मनाया गया। इस दौरान क्लब मेंबर्स की ओर से नृत्य व सौंदर्य से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्लब संयोजक शोभा तेजप्रकाश ने बताया कि लहरिया क्वीन सीमा शर्मा बनी, जबकि रनरअप राशि शर्मा रही और तीसरे स्थान पर रुचि आई। लहरिया डांस में नीतू गर्ग प्रथम, ममता सोनी द्वितीय और संजू जैन तृतीय स्थान पर रही। अंत में शोभा तेजप्रकाश ने आभार व्यक्त किया।

## एआई और टैक्नोलॉजी पर की बात



**बेधड़क. जयपुर।** ‘जयपुर में सफर की एक बड़ी उपलब्धि है। नई टेगलाइन नैक्स्ट-जेन पॉवर है।’ यह कहना था रियलमी प्रवक्ता देवेंद्र सिंह का जो गुलाबी नगरी में जयपुराइट्स से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उन्होंने टैक्नोलॉजी की बात की और कई नई जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने पावर और परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित करने की बात की। हमें लोगों के दैनिक जीवन में फ्लैगशिप अनुभव लाने पर गर्व है। वहीं, विशेषज्ञ अनुज सिद्धार्थ डायरेक्टर मार्केटिंग व कम्युनिकेशंस मीडियाटेक ने भी अनुभव शेयर किए।

## City इवेंट्स

### जयपुर की बेटी ने जर्मनी में जीता गोल्ड



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की अनुया प्रसाद ने जर्मनी के हनोवर शहर में हो रही विश्व मूक बधिर शूटिंग चौपयनशिप के दूसरे दिन कड़े मुकाबले में यूक्रेन की सोफिया को हराते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। अनुया ने राजस्थान विश्विद्यालय के विजुअल आर्टस प्रोग्राम में अध्ययनरत है। मालवीय नगर के जेम एन्क्लेव में रहने वाली अनुया, अपनी मां गीतू एवं पिता रंजन की इकलौती संतान है, एवं अपने माता पिता की तरह, बचपन से ही मूक बधिर है। मूक बधिर होने के बावजूद अनुया बिना हार माने, जगतपुरा शूटिंग रेंज में लगातार कई सालों से प्रैक्टिस कर रही है। पिछले कुछ सालों में अनुया ने स्टेट और नेशनल लेवल टूर्नामेंट्स जीते हैं, जिसके चलते उसे रेनॉनेड शूटर का दर्जा प्राप्त हुआ है।

### जेजेएस में लगाएंगे बूथों जितने पौधे



**बेधड़क, जयपुर।** पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी की दिशा में पहल के रूप में जयपुर जूलरी शो (जेजेएस) के आयोजन समीति सदस्यों ने राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर और यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के आवास पर पौधारोपण किया। कुलपति ने टीम जेजेएस के इस कदम का स्वागत किया। आयोजन जेजेएस द्वारा सृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर जेजेएस आयोजन समिति चेयरमैन विमल चंद सुराणा, जेजेएस मानद सचिव राजीव जैन, जेजेएस उपाध्यक्ष दिनेश खटोरिया, सृष्टि फाउंडेशन संस्थापक विवेक शर्मा सहित जेजेएस आयोजन समिति अन्य सदस्य उपस्थित रहे। राजीव जैन ने बताया कि पहले चरण में 200 पौधे लगाए गए। हमारी योजना जेजेएस 2024 में कुल बूथों की संख्या जितने यानी 1200 पौधे लगाने की है।

### जेकेके में फोटोग्राफी कार्यशाला 6 से

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में 6 से 8 सितंबर तक ‘सुर ताल उत्सव’ आयोजित किया जाएगा। डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि उत्सव में ओडिसी नृत्य, हवेली संगीत, शास्त्रीय संगीत, गजल सहित कई नृत्यों पर आधारित एक कोरियोग्राफ्ड प्रस्तुति के साथ ही फोटोग्राफी कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि फोटोग्राफी के गुर शिरीष कर्राले सिखाएंगे जो मुंबई के प्रसिद्ध सेलेब्रिटी फोटोग्राफर हैं। वे 20 वर्षो से अधिक तक फोटोग्राफी की नामचीन पत्रिकाओं के संपादक रहे हैं। सेलिब्रिटी के फोटो शूट करते हैं तथा कई फिल्मों के स्टिल शूट भी किए हैं। कार्यशाला तीनों दिन दिनभर चलेगी तथा भाग लेने वालों के लिए कार्यशाला स्थल पर ही लंच की व्यवस्था भी की गई है।

### नारी सम्मान सप्ताह के तहत कार्यक्रम

## बालिकाओं के लिए किए कार्यों के लिए मिला ‘श्राविका रत्न’



बेधड़क | जयपुर

धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान की ओर से 4 से 11 अगस्त तक नारी सम्मान सप्ताह मनाया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को उपाध्याय वृषभानन्द के सान्निध्य में दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के संत सुधासागर बालिका छात्रावास की अधिष्ठात्री शीला जैन ड्योडा को उनके शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं के लिए किए गए कार्यों के लिए ‘श्राविका रत्न’ से सम्मानित किया। धर्म जागृति संस्थान उपाध्यक्ष भाग चंद मित्रपुरा ने बताया कि संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के साथ संरक्षक राजीव जैन गाजियाबाद, राकेश माधोराजपुरा, सांस्कृतिक मंत्री भंवरी देवी जैन, सीमा जैन, पुष्पा बिलाला, संजना बड़जात्या, निकिता लुहाड़िया ने शीला ड्योडा को तिलक, माला, शॉल, दुपट्टा व साफा पहनाकर श्राविका रत्न प्रशस्ति पत्र गुरु के समक्ष प्रदान किया। संस्थान के महामंत्री सुनील पहाड़िया व संयुक्त महामन्त्री संजय जैन बडजात्या कामां के अनुसार नारी सम्मान के क्रम में डा. वन्दना जैन, शालिनी जैन व विद्युत लुहाड़िया का सम्मान थड़ी मार्केट अध्यक्ष पवन नगीनावाले व मंत्री अनिल जैन सहित बालिकाओं द्वारा किया गया।

संस्थान कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया के अनुसार प्रवीण बड़जात्या, विकास बड़जात्या, सिद्ध जैन, नीता जैन, महेंद्र बसवा वाले सहित अन्य भक्तजन इस मौके पर उपस्थित रहे।

### निर्वाण विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम

## स्टूडेंट्स से रूबरू होंगे ‘कहां शुरू, कहां खत्म’ के सितारे



बेधड़क | जयपुर

राजधानी के निर्वाण विश्वविद्यालय में नए सत्र की शुरुआत के साथ ही एक विशेष ओरिएंटेशन प्रोग्राम होने जा रहा है। इस दौरान बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘कहां शुरू, कहां खत्म’ के प्रमुख सितारे ध्वनि भानुशाली और आशीम गुलाटी विवि में आएंगे।

बता दें कि यह ध्वनि भानुशाली की बॉलीवुड में पहली फिल्म है, जिसमें वे अपने संगीत जगत की सफलता के बाद अभिनय के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। उनके साथ अभिनेता आशीम गुलाटी भी उपस्थित रहेंगे, जो अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग और वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय में 4 से 11 सितंबर के बीच ओरिएंटेशन वीक का आयोजन भी होगा। इस सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। फिल्म ‘कहां शुरू, कहां खत्म’ के सितारों की उपस्थिति न केवल विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव होगा, बल्कि उन्हें मनोरंजन और सृजनात्मकता के नए आयाम देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की संस्कृति, शैक्षणिक माहौल और को-करिकुलम गतिविधियों से परिचित कराना है, व विद्यार्थियों के बीच उत्साह और प्रेरणा का संचार करना है।

### अर्हम कॉर्पोरेट रिट्रीट | समापन समारोह में बोले मुनि प्रणम्य सागर

# छोटे बच्चों को हाथ में मोबाइल देना उनके लिए अभिशाप

बेधड़क | जयपुर

अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर ने कहा कि हर आत्मा उस पर कसे कर्मों से छूटने के लिए पुरुषार्थ करता है। यही पुरुषार्थ उस आत्मा को परमात्मा बना सकता है। इस मौके पर दो दिवसीय अर्हम कॉर्पोरेट रिट्रीट का समापन हुआ। शिविर में कार्पोरेट जगत के 250 से अधिक उद्यमियों व कार्मिकों ने भाग लेकर आत्म साधना की तथा सुखी और सफल जीवन जीने के गुर सीखे। मुनि ने कहा कि हम स्वयं अपने आप में परिपूर्ण हैं। तीर्थंकरों के प्रति विश्वास से हम सिद्धत्व को प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रसंग में छोटे बच्चों को हाथ में मोबाइल देने पर कहा कि इसकी आदत उन बच्चों को अभिशाप की तरह होगी। आज जो इतनी कम उम्र में आत्महत्या व हिंसक प्रवृति के कृत्य हो रहे हैं, उसका एक कारण अपरिपक्व उम्र में बच्चों को स्मार्ट फोन देना भी है। हम सबको यह नियम लेना चाहिए कि जब तक हमारी संतान परिपक्व नहीं हो जाए उन्हें उनका व्यक्तिगत स्मार्ट फोन नहीं देना है। यह भी मिथ्यात्व को बढ़ाने वाला है। मुनिश्री ने दोनों भावनाओं को समझाते हुए कहा कि कल्प वृक्ष व चिन्तामणि रत्न से भी हमें याचना करनी होती है। सिर्फ धर्म ही ऐसा कल्प वृक्ष व चिन्तामणि रत्न से बढ़कर है, जिसके सामने हमें याचना नहीं करनी पड़ती है।



### पाद पक्षालन कर शास्त्र भेंट किए

गुणायतन ट्रस्ट के निर्माण मंत्री व अर्हम चातुर्मास समिति 2024 संरक्षक सुनील पहाड़िया ने आचार्य विद्यासागर व समय सागर के चित्र का अनावरण किया। मुनि प्रणम्य सागर के पाद पक्षालन कर शास्त्र भेंट किए। इस मौके पर सूरत निवासी निलकेश निधि, साधना, दर्शन जैन ने मुनिश्री को जिनवाणी भेंट की। समिति वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा व कार्यकारिणी सदस्य अशोक छाबड़ा, जिनेन्द्र काला ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### प्रवास के लिए श्रीफल भेंट किया

इस दौरान गायत्री नगर दिगम्बर जैन समाज ने मुनिश्री को उनकी कॉलानी में प्रवास के लिए श्रीफल भेंट किया। समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मीरामार्ग के श्रीआदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मंगलवार सुबह 8:15 बजे श्रीपार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर आचार्य विद्यासागर की पूजा व मुनि प्रणम्य सागर के मंगल प्रवचन होंगे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 03 सितंबर, 2024



सबसे पहले सोचें, दूसरा विश्वास करें, तीसरा सपने देखें और अंत में हिम्मत करें।

**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### जंग के बीच इजराइल में सड़क पर उतरे 8 लाख कर्मचारी-व्यापारी

# बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ जनसैलाब

■ नेतन्याहू को संदेश में कहा कि "अभी! अभी! वर्ना..."



**एजेंसी** | तेल अवीव

हमास के खिलाफ महायुद्ध में उलझे बेंजामिन नेतन्याहू के लिए अपने ही मुल्क में मुश्किल खड़ी हो गई है। आम जनता पहले ही बंधकों की रिहाई को लेकर प्रदर्शन कर रही थी। इस बीच देश के व्यापार संघ ने गाजा में छह बंधकों की लाश मिलने के बाद इजराइली हुकूमत के खिलाफ हड़ताल का ऐलान किया।

यह संगठन हिस्ताद्रुत देश के करीब 8 लाख कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें स्वास्थ्य, परिवहन और बैंकिंग जैसे कई सेक्टर शामिल हैं। 11 महीने के युद्ध में यह पहली बार होगा, जब इतना जनसैलाब नेतन्याहू के खिलाफ सड़कों पर उतर आया है। हड़ताल के कारण करीब पूरे देश में बंद और अन्य तरह का व्यवधान दिखा जिसमें इसका मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई हड्डा भी शामिल है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में इस हड़ताल को नजरअंदाज किया गया जो गहरे राजनीतिक मतभेदों को भी दर्शाता है। हड़ताल के कारण प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे।

इजराइल के व्यापार संघ हिस्ताद्रुत का सोमवार से हड़ताल का मकसद संघर्ष विराम के लिए दबाव बढ़ाना है, ताकि गाजा में युद्धविराम से हमास आतंकी बाकी बचे बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करें और सभी सकुशल अपने घर लौट आएं। हिस्ताद्रुत ने कहा कि शनिवार को गाजा की सुरंगों में मिली बंधकों की लाशों से पता लगता है कि अगर अब इजराइली सरकार ने युद्धविराम के लिए हामी नहीं भरी तो बहुत देर हो जाएगी और हमारे लोग इस तरह मरते रहेंगे।

### जंग शुरू होने के बाद सबसे बड़ी हड़ताल

बता दें कि सात अक्टूबर को शुरू हुए इजराइल-हमास युद्ध के बाद से यह पहली इतनी बड़ी हड़ताल होगी। पिछले साल भी कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर आम हड़ताल की थी, जिसके बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को न्यायिक सुधारों की अपनी विवादित योजना टालनी पड़ी थी।



### बंधकों की लाशें मिलने से शोकाकुल परिजन

गाजा में छह और बंधकों के मृत पाए जाने के बाद हजारों की संख्या में शोकाकुल और नाराज इजराइली रविवार रात सड़कों पर उतर आए और नारे लगाने लगे। प्रदर्शन के दौरान कई लोग रोते हुए भी नजर आए। उन्होंने नेतन्याहू को संदेश में कहा कि "अभी! अभी! वर्ना..." उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शेष बंधकों को वापस घर लाने के लिए हमास के साथ संघर्ष विराम करें।

### सबसे बड़े व्यापार संघ ने किया था हड़ताल का आह्वान

इजराइल के सबसे बड़े व्यापार संघ 'हिस्ताद्रुत' ने सोमवार को आम हड़ताल का आह्वान किया था, जो युद्ध की शुरुआत के बाद पहली हड़ताल है। इसका उद्देश्य बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और देश के मुख्य हवाई अड्डे सहित अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को बंद करना या बाधित करना है। जानकारी के अनुसार हड़ताल आमतौर पर सफल रही, अलबत्ता सियासत के चलते कुछ क्षेत्रों में हड़ताल का समर्थन नहीं किया गया।


### रूस ने ड्रोन और मिसाइलों से बरपाया कहर

# हमले से भड़क गया यूक्रेन

**एजेंसी** | कीव

रूस और यूक्रेन के बीच बीते करीब ढाई वर्ष से जंग जारी है। रूस और यूक्रेन दोनों ही एक दूसरे पर लगातार घातक हमले कर रहे हैं। हाल के दिनों में रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने कीव और अन्य शहरों को निशाना बनाकर ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों से कई हमले किए हैं। सोमवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कई विस्फोटों से दहल उठी, जिससे निवासियों को बम रोधी आश्रयों में शरण लेनी पड़ी।

कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने कहा कि कीव के होलोसिव्स्की और सोलोमिंस्की जिले में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि शेवशेनकिव्स्की जिले में मलबे के नीचे दबने से एक व्यक्ति के जख्मी होने की सूचना है। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्री यरमाक ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, ''हर चीज का जवाब मिलेगा। दुश्मन को इसका एहसास होगा।'' वायु सेना के अनुसार, रूस ने कीव को निशाना बनाकर कई क्रूज मिसाइलों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं और कुछ ड्रोन हमले भी किए।



### खारकीव में 47 लोगों की हुई मौत

इससे पहले रूस सेना ने रविवार को यूक्रेन के खारकीव में घातक हमले किए जिसमें 5 बच्चों समेत कम से कम 47 लोगों की मौत हुई है। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक ये 47 मौतें खारकीव के एक मॉल पर हुए रूसी मिसाइलों के हमलों में हुई हैं। खारकीव में रूसी हमलों के बाद यूक्रेन की राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने पश्चिमी सहयोगियों से चर्चा की और उनकी तरफ से दी गई मिसाइलों से रूस पर हमला करने की इजाजत मांगी। यूक्रेन का कहना है कि वह रूस के और अंदरूनी इलाकों में हमला करना चाहता है।

### यूक्रेन ने किया ड्रोन अटैक


रूसी अधिकारियों की तरफ से कहा गया है कि यूक्रेन ने करीब 158 ड्रोन रूसी शहरों पर दागे हैं, जिसके बाद मॉस्को ऑयल रिफाइनरी और कोनाकोवो पावर स्टेशन में आग लग गई। पिछले हफ्ते रूस के शहर सरतोवा की बिल्डिंग पर एक यूक्रेनी ड्रोन से हमला किया गया था, इस हमले की तुलना अमेरिका के 9/11 से हुई थी।

### यूएस: घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग

# तीन महिलाओं की मौत, दो अन्य घायल

**एजेंसी** | होनोलूलू

अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं आम हैं। अक्सर यहां से गोलीबारी की खबरें आती रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 50 सालों में 15 लाख से ज्यादा अमेरिकी लोगों की जान गोलीबारी की वजह से हुई है। अब ऐसी ही दिल दहला देने वाली घटना अमेरिका के हवाई से सामने आई है। यहां पड़ोसियों के बीच विवाद के कारण हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हमलावर को भी एक स्थानीय व्यक्ति ने गोली मार दी, जिसे गैर इरादतन हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है।



### समारोह के दौरान की फायरिंग

होनोलूलू पुलिस अधिकारी दीना थोएम्स ने बताया कि, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 58 वर्षीय एक व्यक्ति ने 'फ्रंट-एंड लोडर' मशीन का उपयोग करके कारों को टक्कर मारते हुए उस घर में प्रवेश किया जहां एक पारिवारिक समारोह हो रहा था। थोएम्स के अनुसार उस व्यक्ति ने घर पर जमा हुए लोगों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे वैनानाई की रहने वाली तीन महिलाओं की मौत हो गई। वैनानाई, होनोलूलू शहर के पश्चिम में करीब 48 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उसी समय घर में रहने वाले 42 वर्षीय व्यक्ति ने उस संदिग्ध को गोली मार दी।

### पुलिस ने नहीं दिया इस बात का जवाब

थोएम्स ने बताया कि मरने वाली महिलाओं की उम्र 34, 36 और 29 साल थी। उन्होंने बताया कि 31 वर्षीय एक पुरुष और 52 वर्षीय एक महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस प्रमुख जो लोगन ने पत्रकार वार्ता में कहा कि यह गोलीबारी इस क्षेत्र में पिछले कुछ सप्ताहों में हुई कई गोलीबारी की घटनाओं में से सबसे नई घटना है, जिसके कारण पुलिस ने बंदूक हिंसा से लड़ने के लिए कदम उठाने का संकल्प लिया है।

### फिलीपींस में बाढ़ और भूस्खलन से बिगड़े हालात

# 9 लोगों की मौत, सैकड़ों घर ढहे... स्कूल बंद

**एजेंसी** | मनीला

उत्तरी फिलीपींस में तूफान के कारण भूस्खलन और भारी बारिश हुई है, जिससे सोमवार तक कई इलाकों में बाढ़ आ गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, सैकड़ों घर ढहे। हालात को देखते हुए अधिकारियों ने स्कूलों को बंद कर दिया है साथ ही सरकारी कामकाज भी स्थगित करना पड़ा है। मौसम ब्यूरो के अनुसार उष्णकटिबंधीय तूफान 'यागी' सोमवार दोपहर तक मनीला के दक्षिण-पूर्व में क्यूजोन प्रांत के इनफांटा शहर से 115 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था, यह 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई।

स्थानीय रूप से एनटेंग नाम से जाना जाने वाला यह तूफान लूजोन के मुख्य उत्तरी क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। आपदा न्यूनीकरण अधिकारी एनरिलिटो बर्नार्डो जूनियर ने बताया कि सोमवार को राजधानी के पश्चिम में रिजाल प्रांत के एंटिपोलो शहर में पहाड़ी पर स्थित दो छोटी झुग्गियां भूस्खलन की चपेट में आ गईं, जिससे एक गर्भवती महिला समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि चार अन्य ग्रामीण उफनते नालों में डूब गए। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता कर्नल जीन फजार्डो ने बिना विस्तृत जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि मध्य फिलीपींस में तूफान के कारण हुए भूस्खलन में दो और लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गए। पूर्वी कैमरिन्स सुर प्रांत के नागा शहर में खराब मौसम में दो स्थानीय लोगों की मौत हो गई। यहां कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुसा है। देश के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र लूजोन के एक बड़े हिस्से में तूफान की चेतावनी जारी की गई, जिसमें महानगरीय क्षेत्र मनीला भी शामिल है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl